जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 47 संख्याः 325 प्रभात कोटा, बुधवार 7 सितम्बर, 2022 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 1.20 रु.

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। कांग्रेस महासचिव तथा मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने मोदी सरकार के बेतुके सिक्योरिटी सिस्टम पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा है कि सरकार ने भारतीय हवाई अड्डों पर सैन्ट्रल इन्डस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सी.आई.एस.एफ.) के 3000 पदों को समाप्त करने तथा उनके स्थान पर प्राइवेट सिक्योरिटी तैनात करने का निर्णय लिया है।

- **केन्द्र सरकार के केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को एयरपोर्ट की सुरक्षा से हटाकर संघ कार्यालय व अंबानी, अडानी की सुरक्षा में तैनात करने के फैसले की कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की।**

उन्होंने ट्वीट किया, लेकिन "हमारे दो" तथा आर.एस.एस. की सहूलियतों के संरक्षण के लिये सी.आई.एस.एफ. ही है। सरकारी सम्पत्तियों (की सुरक्षा) के लिये प्राइवेट सिक्योरिटी तथा प्राइवेट हस्तियों (की सुरक्षा) के लिये सरकारी सिक्योरिटी।" वस्तुतः

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'मैं किसी का पोता, बेटा, भाई, किसी का भतीजा हूँ, सब का मुझ पर आशीर्वाद और सबसे आत्मीय रिश्ता'

हजारों की संख्या में बधाई देने उमड़ी भीड़ का यह कहकर अभिवादन किया सचिन पायलट ने

जयपुर, 6 सितम्बर (का.प्र.)। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिन से 1 दिन पहले जयपुर में सिविल लाइन्स स्थित उनके सरकारी आवास के बाहर बधाई देने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। सिविल लाइन्स में सचिन पायलट को बधाई देने वालों में खास बात यह रही कि, जहां पायलट कैम्प के मंत्री- विधायक तो मौजूद थे ही, वहीं, अब तक अशोक गहलोत कैम्प में दिखने वाले सात विधायक भी सचिन पायलट को बधाई देने सिविल लाइन पहुंचे।

इस मौके पर सचिन पायलट ने भी किसी को निराश नहीं किया और बड़ी आत्मीयता से सबसे मिलकर बधाइयाँ स्वीकार कीं। इस दौरान पायलट ने कहा, "आज मेरे पास कोई पद नहीं है और साधारण विधायक हूँ लेकिन मैं राजस्थान से आए इन चाहने वालों में किसी का पोता, किसी का बेटा, किसी का भाई, किसी का भतीजा हूँ और इन सब लोगों का आशीर्वाद और प्यार ही है, जो मुझे हमेशा ताकत देता है। राजनीतिक जीवन में जरूरी है कि आप आत्मीयता के संबंध कायम कर सकें और आज दूर-दूर से जिस तरह से लोग आए हैं, वह आत्मीयता का ही संबंध है। लोगों का मुझ पर आशीर्वाद है और मैं चाहता हूँ कि इस आशीर्वाद को कायम रख सकूं।"

सचिन पायलट के जन्मदिन से एक दिन पहले जयपुर में उनके सिविल लाईन्स स्थित आवास के बाहर बधाई देने के लिए समर्थकों का हूजूम उमड़ पड़ा।

- **डूंगरपुर, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ से भी आई भारी भीड़।**
- **चारों तरफ से आ रही भारी भीड़ के कारण सोडाला से अजमेर पुलिया, हवा सड़क से सहकार मार्ग और सी स्कीम में वाहन रेंगते रहे।**

जन्मदिन पर हुए इस जलसे के दौरान हालत यह रहे कि, भारी भीड़ के कारण सोडाला से लेकर अजमेर पुलिया और मिशन कंपाउंड तक, हवा सड़क से लेकर 22 गोदाम सर्किल, सहकार मार्ग कई घंटों तक जाम रहे या वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। सचिन पायलट को बधाई देने के लिए दूरदराज से आने वाले लोगों को भी अपने वाहन काफी दूर खड़े करके पैदल पहुंचना पड़ा। पुलिस को भी भारी भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सिविल लाइन्स स्थित राजभवन रोड की हालत तो यह थी कि, एक बार भी भीड़ कहीं भी कम

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

नीतीश की सद्भावना यात्रा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बहुत व्यस्त रहे। कल कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भेंट करने के बाद, आज उन्होंने वामपंथी नेताओं- सीताराम येचुरी तथा डी. राजा से अलग-अलग भेंट की। इससे भी बड़ी बात यह रही कि उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आप नेता अरविंद केजरीवाल से भी बातचीत की।

अभी कुमार की सूची में अन्य

- **दिल्ली की अपनी यात्रा में नीतीश पहले तो राहुल गांधी से मिलने गये उनके निवास पर, फिर, सभी राजनीतिक पार्टियों के दफ्तर व नेताओं से भी भेंट की।**

नेताओं के साथ मीटिंग करना भी शेष है। अभी वे अन्य नेताओं के अलावा, आई.एन.एल.डी. नेता ओम प्रकाश चौटाला तथा जे.डी.एस. नेता कुमार स्वामी के साथ भी मीटिंग करेंगे।

बिहार में सरकार के बदलने के बाद, यह बात दिन-पर-दिन स्पष्ट होती जा रही है कि नीतीश कुमार अब स्वयं को राष्ट्रीय भूमिका में मानकर चल रहे हैं। लेकिन उनकी इन मीटिंगों के चलते, मीडिया में यह

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

...ऐसी जली कि, कोयला बनी न राख

गहलोत नये-नये प्रस्ताव भेज रहे हैं हाई कमान को, सचिन पायलट को मु.मंत्री बनने से रोकने के लिये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह कोशिश करने एवं सुनिश्चित करने के अपनी सारी ताकत लगा दी है कि सचिन पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री न बन पाये।

बताया जाता है कि उन्होंने गांधी परिवार से कह दिया है कि उनकी पसंद एंव विश्वास का आदमी ही मुख्यमंत्री बनना चाहिये (जिसका सीधा अर्थ निकलता है कि यह मैं तय करूँगा कि मुख्यमंत्री कौन बने) या फिर उन्हें मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस अध्यक्ष-दोनों ही पदों पर बना रहने दिया जाये। मुख्यमंत्री के नज़दीकी सूत्रों का कहना है कि यह सुनिश्चित करने के लिये कि पायलट मुख्यमंत्री की कुर्सी पर न बैठ पायें, वे (गहलोत) कुछ भी कर गुजरेंगे तथा किसी भी बिन्दु पर नहीं रूकेंगे। इसका एक छोटा सा ट्रेलर आज जयपुर में प्रत्यक्षता: देखने को मिला।

- **24 सितम्बर को कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिये आवेदन आने शुरू होंगे तथा 9-10 सितम्बर को सोनिया गांधी विदेश से लौटेंगी, तभी कांग्रेस के अध्यक्ष पद की गुत्थी सुलझेगी तथा राजस्थान के मु.मंत्री पद का मामला अन्ततोगत्वा सुलटेगा।**

कल, 7 सितम्बर को सचिन पायलट का जन्मदिन है लेकिन उनका जन्मोत्सव आज ही मना लिया गया, क्योंकि वे आज शाम ही कन्याकुमारी की दो दिन की यात्रा पर चले गये ताकि वहाँ वे राहुल गाँधी की भारत जोड़ो पद यात्रा में शामिल हो सकें।

इधर अशोक गहलोत यहाँ अपने असली रंग में आ गये तथा उनके निर्देशानुसार, सारे पोस्टर तथा होडिंग रातों-रात फाड़ दिये गये या हटा दिये गये।

यह बिल्कुल अलग बात है कि उत्साही समर्थकों ने सुबह ही दोगुनी संख्या में पोस्टर एवं होडिंग फिर लगा दिये।

अपने नेता को शुभकामना देने के लिये, पूरे राज्य से आये पायलट-समर्थकों से जयपुर भीड़ से अवरूद्ध हो गया था।

लेकिन प्रशासन ने पायलट के आवास के पास बैरिकेड लगा दिये थे, जिसके कारण लोगों को उनके आवास तक पहुँचने में मुश्किलें आई क्योंकि उन्हें पैदल चलना पड़ा था। लेकिन बात यही नहीं रूकी।

गहलोत-प्रशासन ने सिविल लाइन्स तथा आस-पास क्षेत्र की इन्टरनेट सेवाएं बन्द कर दीं, ताकि सीधा टेलीकास्ट, ब्रॉडकास्ट तथा पायलट के जन्म दिन पर उन्हें शुभकामनाएं देने आई विशाल भीड़ के बीच सन्देशों का आदान प्रदान न हो सके।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जहाँ तक सचिन पायलट का मामला है, अशोक गहलोत अत्यधिक असुरक्षित, प्रतिशोधात्मक, छोटे तथा तुच्छ सोच वाले प्रतीत हो रहे हैं। प्रश्न यह है कि जब अशोक गहलोत पायलट के खिलाफ एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं तथा सब कुछ खुले आम कर रहे हैं, तो गांधी परिवार सचिन पायलट को मुख्यमंत्री कैसे बना पायेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के नामांकन 24 सितम्बर को शुरू होंगे तथा सोनिया गांधी के 9-10 सितम्बर को भारत लौटने की उम्मीद है। उनके आने के बाद ही, राजस्थान के मुद्दे पर अन्तिम एवं निर्णायक चर्चा होगी।

गांधी परिवार के सामने अशोक गहलोत के रूप में एक बहुत बड़ा सिरदर्द है तथा वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि गांधी परिवार ने इतना बड़ा ग्रास ले लिया है कि उनसे चबाते नहीं बन रहा।

चुनाव आयोग

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी तथा वी. नागरत्ना की सर्वोच्च न्यायालय बैंच ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त तथा दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में "सरकार की सनकों तथा मनमानी" को रोकने की अधिकारिक घोषणा बड़ी बैंच ही करेगी।

- **चुनाव आयोग की नियुक्तियों में मनमानी रोकने की मांग करने वाली याचिका की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने वृहद् बैंच गठित की।**

बैंच ने एक पी.आई.एल. पर सोमवार को केन्द्र को नोटिस जारी कर दिया। याचिका में कहा गया था कि ये नियुक्तियाँ असंवैधानिक हैं तथा चुनाव आयोग की स्वतंत्रता एवं चुनाव प्रक्रिया की तटस्थता को कमजोर करने वाली हैं। एक एन.जी.ओ. "एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स" (ए.डी.आर.)

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

स्टालिन कोई कसर नहीं छोड़ रहे राहुल के स्वागत में

वे राहुल को तिरंगा झण्डा भेंट करेंगे, "भारत जोड़ो यात्रा" के शुभारम्भ के अवसर पर

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, जिन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की कल ही मेजबानी की थी, अपने गठबंधन सहयोगी एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कल कन्याकुमारी में राष्ट्रीय ध्वज सौंपेगे और भारत जोड़ो पदयात्रा में भाग लेंगे। यह पदयात्रा कन्याकुमारी से ही शुरू होगी और 3 हजार 570 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर कश्मीर तक जाएगी।

स्टालिन का कन्याकुमारी में एक रैली को संबांधित करने का भी कार्यक्रम है, जहां वह राहुल गांधी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपेंगे। यद्यपि उम्मीद के मुताबिक कांग्रेस और खासतौर पर राहुल गांधी को स्टालिन का समर्थन अपने सहयोगी के प्रति प्रतिबद्धता के संदर्भ में तमिलनाडु

- **स्टालिन उस समारोह में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व नेताओं को संबोधित भी करेंगे।**
- **अपने इस व्यवहार से वे राहुल को आश्वस्त कर देना चाहते हैं कि, हाल ही में उन्होंने बनर्जी व केजरीवाल का भी स्वागत किया था, पर, वे मूलतः दिल से कांग्रेस व राहुल के साथ ही हैं।**
- **स्टालिन का यह सोच राहुल को तो बहुत भा रहा है, पर, सच यह भी है कि, स्टालिन का यह आचरण अपनी तमिलनाडु की जनता को लुभाने के लिये है। यहाँ की जनता भाजपा को भी उत्तर भारत की, हिन्दी वादी पार्टी मानती है, अतः स्टालिन का भाजपा विरोधी व कांग्रेस समर्थक आचरण काफी भा रहा है, तमिलनाडु की जनता को।**

और देश के मतदाताओं को एक मैसेज देने के लिए महत्वपूर्ण है। समय-समय पद चलती अटकलों के बीच, जिसमें लोग कभी-कभी वास्तविक जैसा अर्थ भी लगा लेते है और संदेह व्यक्त करते हैं कि क्या डी.एम.के. (द्रमुक) भी समय विशेष में भाजपा के पाले में तो नहीं

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

गिरगिटों का है जमाना!

भारत में नीतीश व ममता इस राजनीतिक सोच (गिरगिट वाद) के कट्टर व प्रबलतम अनुयायी हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। यह तो ठीक है कि ब्रिटेन को नया प्रधानमंत्री मिल गया है, लेकिन इसके ये मायने भी हैं कि इस देश ने अपना वास्तविक रंग दिखा दिया है। प्रधानमंत्री के चयन में दक्षिणपंथ का पूर्ण बोलबाला रहा। नईप्रधानमंत्री 1 प्रतिशत से भी कम ब्रिटिश वोटर्स के समर्थन से जीती हैं: यानी कि कंज़रवेटिव पार्टी के सदस्यों से करीब 20 हजार अधिक समर्थकों के वोट से।

लिज़ ट्रस ब्रिटेन की महारानी से मिलने स्कॉटलैण्ड गई हैं। महारानी वर्तमान में यहां गर्मियों की छुट्टियां बिता रही हैं और ब्रिटेन की आगामी प्रधानमंत्री से बकिंघम पैलेस में भेंट करने के लिए लंदन आने में असमर्थ हैं।

विडम्बना यह है कि लिज़ ट्रस ने ब्रिटिश राजशाही के उन्मूलन के लिए कभी कैंपेन चलाया था। तब उन्होंने कहा था "हम यह बहुत बर्दाश्त कर चुके हैं।"

- **ब्रिटेन की नव नियुक्त प्र.मंत्री लिज़ ट्रस ने ब्रिटेन की पूर्व कॉलोनियों के चतुर राजनीतिज्ञों द्वारा प्रतिपादित "गिरगिट वाद" का सबक पूरी तरह सीख लिया है।**
- **वे एक जमाने में ब्रिटेन की पुरानी "इंग्लिश मॉनार्की" की व्यवस्था के सख्त खिलाफ थीं, पर, प्र.मंत्री बनते ही वे स्कॉटलैंड गईं, महारानी एलिज़ाबेथ से शुभकामना लेने।**
- **जब ट्रस ने अपना प्र.मंत्री बनने का अभियान शुरू किया था, वे पूर्णतया ब्रिटेन का मार्केट पूरी तरह से खोलने के खिलाफ थीं, पर, अभियान के अंत वे पूर्ण तथा "फ्री ट्रेड" की वकालत करने लगी थीं।**
- **जब वे ऑक्सफोर्ड में पढ़ रही थी, तब वो उदारवादी व प्रजातंत्रीय व्यवस्था की वकालत करती थीं, और उनकी दलील थी कि, ब्रिटेन को "इमिग्रेशन पॉलिसी" और उदारवादी करनी चाहिये, जिससे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा को आकर्षित कर सके इंग्लैंड। पर, राजनीति में आने के बाद वे और सख्त "इमिग्रेशन पॉलिसी" लाने का पक्ष लेने लगी थीं, जिससे ब्रिटेन में आने वाले लोगों को हतोत्साहित किया जा सके।**
- **वे कॉलेज के दिनों में ब्रिटेन के यूरोपीय साझा बाजार में बने रहने का पक्ष लेती थीं, और बाद में उन्हें ब्रिटेन के साझा बाजार से अलग होने में ज्यादा लाभ ज्यादा नज़र आने लगा था।**

वे अब इससे मुकर गई हैं, लेकिन पार्टी के पुराने वाइट और राइट विंग सदस्यों के समक्ष इस बात को हाईलाइट करने में टीकाकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। यह तथ्य पार्टी के उन अधिक प्रगतिशील, शिक्षित और जानकार सदस्यों के विपरीत है, जिन्होंने ऋषि सुनक का विकल्प चुना था, लेकिन ऋषि सुनक के साथ अंत ना पंत ऐसा होना ही था क्योंकि वे मूलत: अंग्रेज नहीं हैं।

ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस अपनी बात से मुकरने में उतनी ही माहिर है, जैसे हर कहीं के राजनेता होते हैं। बिहार के नीतीश कुमार या बंगाल की ममता बनर्जी की भांति लिज़ ट्रस ने प्रधानमंत्री बनने से पूर्व प्रमुख मुद्दों पर दावे के साथ सार्वजनिक रूप से बात कहने के बाद कई बार अपना पैंतरा बदला है।

नीतीश कुमार भाजपा के सहयोग से बिहार के मुख्यमंत्री बने और अब वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री पद पर नज़रे गड़ाते हुए उसके सर्वाधिक कट्टर दुश्मन बन चुके हैं। ममता बनर्जी ने आर.एस.एस. का जबर्दस्त विरोध किया था, लेकिन उन्हें अब महसूस हो रहा है कि आर.एस.एस. में अच्छे लोग थे, जिन्होंने समाज सेवा की।

ब्रिटेन की पूर्व विदेश मंत्री लिज़ ट्रस को अपनी राजनीति की खातिर रंग बदलने के कारण "राजनीतिक गिरगिट" की संज्ञा दी गई

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'सहकार से समृद्धि'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभू को नई राष्ट्रीय सहकारी नीति का प्रारूप तैयार करने के लिए गठित पैनल का अध्यक्ष बनाया गया है। यह प्रारूप 2002 से चली आ रही मौजूदा राष्ट्रीय सहकारी

- **केन्द्र सरकार ने नई राष्ट्रीय सहकारी नीति बनाने के लिए पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश प्रभू के नेतृत्व में एक पैनल गठित किया।**

नीति का स्थान लेगा। इस पैनल, जिसमें 47 सदस्य होंगे, का गठन केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया है।

पैनल में देश के सभी भागों से सदस्य मनोनीत किए जाएंगे जो सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञ होंगे और राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व जिला एवं राज्यों

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

संसार में छल, प्रवंचना और हत्याओं को देखकर कभी-कभी मान लेना पड़ता है कि यह जगत ही नरक है। –जयशंकर प्रसाद

अखबारों में छपी बलात्कार की रिपोर्टें क्या झूठी और विश्वास योग्य नहीं?

काफी समय से प्रिंट मीडिया में महिलाओं के प्रति घटित बलात्कार व अन्य अपराधों की सूचनाएँ बहुधा छपती रहती हैं। पाठक इन्हें पढ़कर सोचते हैं कि हम कहाँ किस समाज में और किन परिस्तिथिओं में रह रहे हैं? आंकड़ों सहित एक खबर के अनुसार राजस्थान अन्य प्रदेशों की तुलना में महिलाओं के प्रति अपराधों में सबसे ऊपर दर्ज हुआ है। यह एक सर्वे रिपोर्ट थी। जिसमे जिलेवार ऐसे अपराधों की संख्या की खबर छप चुकी है इसके लिए क्या किसी ने मुख्यमंत्री जी को दोषी ठहराया है? जिससे उन्हें यह वक्तव्य देना पड़ा कि 56 प्रतिशत मामले झूंठे हैं, और विरोधी लोग ऐसी बातें फैलाते रहते हैं। काश उनका कथन सही निकले। मेरी समझ से मुख्य मंत्री एक संबेदनशील व्यक्ति हैं फिर भी यदि दुष्कर्म के मामले कोर्ट तक पहुंच चुके हैं अथवा पुलिस में प्रथम रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है तो न्यायालय से वस्तु स्तिथि शीघ्र स्पष्ट हो जायेगी कि दुष्कर्म का मामला सही है अथवा झूंठा? वर्तमान में न्यायलय भी झूंठे मामलों में सख्त रूख अपनाने लगे हैं और शिकायतकर्ता को ही लताड़ के साथ जुर्माना लगा देते हैं।

इसके पलट भी एक सामजिक पक्ष है कि पीड़ित महिला व उसका परिवार समाज में बदनाम होने के डर से मुंह बंद कर लेते हैं और पुलिस तो क्या, समाज में भी किसी को कुछ भी नहीं बताते जैसे कुछ हुआ ही न हो। इसलिए अधिकांश वे अपराध झूंटे तो नहीं कहे जा सकते, यदि वे सार्वजनिक मीडिया में प्रकाशित नहीं किये गए हैं। और यदि प्रकाशित हो चुके हैं तो स्तिथि जल्द स्पष्ट हो जायेगी, कि झूंटे हैं अथवा सही।

अभी तक तो भारतीय समाज चाहे वो किसी धर्म से सम्बंधित हो, समाज में बदनामी के डर से कही अधिक खौफ खाता है और बलात्कार के मसले को रिपोर्ट नहीं करता और न ही परिवार या समाज में उसकी बात करता है, ऐसा केवल बदनामी के डर से और कुंवारी लड़की के विवाह में विघ्न उत्पन्न होने के डर से। इसलिए कोई भी विवेकशील व्यक्ति झूठे मामले के कथन को आसानी से स्वीकार नहीं कर सकता। अत: बिना किसी द्वेष व् पूर्वाग्रह के मैं किसी पर कोई आक्षेप नहीं लगा रहा। मुख्य मंत्री का भी आशय कि विरोधी पार्टी बदनाम करने के लिए इस तरह के झूंटे प्रचार करते रहते हैं, सच भी हो सकता है। उनके इस राजनैतिक वक्तव्य पर मुझे कुछ नहीं कहना। यदि सम्बंधित अखवार उनके वक्तव्य पर कुछ सफाई दे तो उसकी मर्जी।

फिर भी एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को ऐसे सामाजिक सम्बेदंशील मसलों पर तुरंत किसी विपरीत प्रर्तिक्रिया से बचना चाहिए। और यदि कुछ सच्चाई लगे भी, तो आवश्यक कदम शीघ्र उठाने की मंशा जाहिर करना कही अधिक अपेक्षित रहता है।

कुछ समय पूर्व मेरे दो लेख 'बलात्कार' और 'दुश्चिरत्र' लोगों पर इसी अखवार में और समता सन्देश में छपे थे। आशा की थी की कोई प्रतिक्रिया कहीं से मिलेगी, लेकिन नहीं मिली। महिला आयोग से भी नहीं, जो अपने को महिलाओं के अधिकारों का रक्षक मानता है।

मैं पूर्व में भी बलात्कार पर इसी अखवार में सम्पादकीय लिख चुका हूँ। कतिपय अन्य अखबारों में भी मेरे वही विचार छपे, परतु कहीं से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुयी। कारण बहुत स्पष्ट है कि शासन, सरकार और मानव अधिकारों से सम्बंधित सभी अफसर व संस्थाये महिलाओं व विशेष रूप से अबोध बच्चिओं के प्रति जधन्य से जघन्य अपराध होने पर भी बोध शून्य हो जाते हैं और कभी भी उस घटना का संज्ञान लेते नहीं दिखाई देते। अत: सरकार ऐसी संस्थाओं पर जो धन व्यय करती है वह व्यर्थ फ़िज़ूलख़र्ची है, अपनों को केवल वित्तीय लाभ देने के लिए, अन्य कुछ भी नहीं। सरकार चाहे किसी पार्टी की हो ये व्यवस्थाएँ नित चलती रहती हैं, और जनता के टैक्स की समुचित बंदर बाँट होती रहती है। समाज सेवी श्री अन्नाहजारे की लोकपाल की मांग यदि पूर्ण हो जाती तो जनता ऐसी लूट/डकैतों की संस्थाओं को कभी का आसमान के तारे दिन मे दिखा देती। प्रत्येक शासन में ऐसी फ़िज़ूल की संस्थाएं सदैव फलती-फूलती रहती हैं। इसलिए ऐसे चोर डाकुओं से निपटने के लिए मिलिट्री शासन कुछ वर्षों के लिए आवश्यक है, अन्यथा व्यवस्थाएं वर्तमान शासन-प्रशासन के रहते बदल नहीं सकती। अपनी बिना मेहनत कमाई को कैसे कोई ध्वस्त होते देख सकता है?

कुछ समय पूर्व मेरे दो लेख 'बलात्कार' और 'दुश्चिरत्र' लोगों पर इसी अखवार में और समता सन्देश में छपे थे। आशा की थी की कोई प्रतिक्रिया कहीं से मिलेगी, लेकिन नहीं मिली। महिला आयोग से भी नहीं, जो अपने को महिलाओं के अधिकारों का रक्षक मानता है। मैंने सुझाव दिया था कि बलात्कारी को बधिया (नसबंदी नहीं बल्कि अंडकोष से दोनों बृषण निकलवा देना) कर छोड़ दिया जाय, जैसा गाय-भैंसों के नर पशुओं में एक सतत बिधि है उनकी ऊर्जा को खेती के कार्य में उपयोग में लेने के लिए। अन्य सजाएँ अपराधी को तभी दी जाय जब उसने बलात्कार के साथ हत्या व अन्य अपराध भी किया हो। मैं पशुपालन व डेरी का विद्यार्थी रहा हूँ और मैंने ये सभी बिधाएँ खुद सीख कर की भी और महाविद्यालय के पशु फार्मों पर करवाई भी।

बधिया करने के अनेक लाभ हैं। कारागृहों पर बोझा घट जायेगा और उन पर खर्चा भी। न्याय शीघ्र हो सकेगा और अपराधी अपेक्षाकृत कुछ ही दिनों में अपने घर लौट कर कामकाज में व्यस्त हो सकेगा। लेकिन समाज में सर ऊंचा कर नहीं चल सकेगा। उसे देख अन्य लोग सबक ले सकेंगे। दूसरी तरफ अपराधी व्यक्ति को कोई शारीरिक क्षति नहीं होगी बल्कि वह सभी कार्य करने में सक्षम रहेगा, केवल स्त्री से शारीरिक सम्बन्ध अथवा मैथुन नहीं कर सकेगा।

यह दंश वह जीवन पर्यन्त उसी प्रकार भोगेगा जैसे पीड़ित महिला समाज में लोगों विशेष रूप से महिलाओं के अप्रत्यक्ष ताने/ चुभते आक्षेपों को बर्दास्त कर जीवन यापन करेगी। सरकार और न्यायलय को इसमें क्या आपत्ति है ? इसे वे क्यों नहीं अमल में लाना चाहते? सरकार और महिला आयोग इस पर शीघ्र क़ानून की अनुशंसा क्यों नहीं करती? मुझे याद है मद्रास हाई कोर्ट ने काफी समय पहले किसी मामले में ऐसी सोच व्यक्त की थी।

साथ ही ऐसे अपराध संज्ञान लेने वाले अफसरों के बच्चो पर नहीं घटते, उनके घर की महिलाये ऐसे अपराधों से सदैव सुरक्षित रहती हैं इसलिए उन्हें दूसरे का दर्द कैसे भासित हो? फिर भी अबोध बच्चिओं एवं महिलाओं के सामजिक व शारीरिक उन्नयन के वास्ते मैं एक अध्यापक की दृष्टि से राजस्थान के सम्पूर्ण विधायक और विशेष रूप से माननीय मुख्य मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि वे इस सामाजिक उत्पीड़न के समूल नाश के लिए मेरे द्वारा सुझाये समाधान को क़ानून बना कर प्रदेश की आधी आबादी के प्रति जघन्य अपराध से मुक्ति दिला कर देश में एक उदाहरण प्रस्तुत करे और यश के भागीदार बने।

मुख्य बात जो मुझे दृढ़ता से कहनी थी वह मैंने लिख दी। अब जिन अन्य को कुछ करना चाहिए वे इस पर जनता व पीड़ित महिला के हित में अबिलम्ब क़ानून बनवा कर प्रावधान लागू करवाने का बीड़ा उठायें।

–अतिथि सम्पादक,
प्रो. डॉ. वीर बहादुर सिंह,
(पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर)

उत्तम तप धर्म के पालन से पवित्रता आती है

'इच्छानिरोधस्तप:' अर्थात इच्छाओं का निरोध/अभाव/नाश करना, तप है। वह तप जब आत्मा के श्रद्धान सहित/पूर्वक होता है, तब 'उत्तम तप धर्म' कहलाता है।

विषय कषायों का निग्रह करके तप में चित्त लगाना 'उत्तम तप' धर्म है,तप धर्म का प्रमुख उद्देश्य चित्त की मलिन वृत्तियों का उन्मूलन है।

उत्तम तप धर्म अर्थात अपनी शक्ति अनुसार सात तत्वों जीव, अजीव, आस्त्रव, बांध, संवर, निर्जरा और मोक्ष का सम्यक ज्ञान पूर्वक अपनी इच्छाओं का निरोध करते हुए कर्मों की निर्जरा करना उत्तम तप है।

जो मनुष्य मनसहित पंच इंद्रियों को वश में करके, इंद्रियों के विषयों से विरक्त होता है, समस्त परिग्रहों को छोड़ता है, कर्म बंध करने वाली राग द्वेष मयी प्रवृत्ति को छोड़ता है, वही उत्तम तप कहलाता है ।

विषमता में समता धारण करना, परिग्रह मैं ममता को छोड़ना, कायरता को छोड़ धीर वीर बनना, किसी के प्रति राग द्वेष नहीं करना, नीरस आहार संकलेश रहित लेना, पंच समिति का पालन करना, मन, वचन और काय को चलायमान नहीं करना, धर्म सहित समय व्यतीत करना, अभिमान छोड़ विनय पूर्वक व्यवहार करना, कपट छोड़ सरल परिणाम धारण करना, क्रोध छोड़ क्षमा ग्रहण करना, लोभ छोड़ संतोषी होना आदि ये सभी तप के उदाहरण हैं ।

कर्म छायार्थ तप्यय इती तप: । कर्मो का क्षय करना तप है ।

प. दोलतराम जी ने लिखा है कि तप की महिमा अपरंपार है मुक्ति जब भी मिलेगी तपस्या से ही मिलेगी ।

रावण ने तप विद्या सिद्धि के लिए किया था वह आत्म शुद्धि के लिए करता तो उसी भव से मोक्ष चला जाता।

तप धर्म की परिभाषा करते हुए आगे दिगम्बराचार्यों ने कहा कर्मक्षयार्थ तप्यते इति तप: जो कर्म-क्षय के लिए तपा जाता है, वह तप है।

चमकना है तो तपो जो तप जाता है, वह चमक जाता है। स्वर्ण- पाषाण को तपाने से ही शुद्ध स्वर्ण की प्राप्ति होगी। जैन साधक इसी तरह से शक्तिनुसार तप की पालना करते है । तपाग्नि में तपे बिना कर्मक्षय असंभव है ।

अंतरंग तप के 6 भेद हैं – प्रायश्चित, विनय, वैय्यावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान ।

बहिरंग तप के भी 6 भेद हैं –



सुभाष चंद्र जैन

अनशन, अवमौदर्य, वृत्ति-परिसंख्यान, रस-परित्याग, विविक्त-शैय्यासन, काय-क्लेश। बहिरंग का तात्पर्य जो दिखने में आते हैं। अंतरंग तप यानी जो सामान्यत: दिखने में नहीं आतें।

छह बाह्य/बहिरंग तप है –

1. अनशन: बिना किसी अपेक्षा के संयम की सिद्धि, राग के उच्छेद एवं इन्द्रियों को वश में करने के उद्देश्य से अन्नजल का पूर्ण त्याग करना।

2. अवमौदर्य: संयम जाग्रत रखने, प्रमाद के परिहार के लिए, स्वाध्याय एवं ध्यान की सिद्धि के लिए भूख से कम खाना।

3. वृत्ति परिसंख्यान : भाग्य की परीक्षा एवं राग-द्वेष के अभाव के लिए मुनिराज दिन में एक ही बार आहार लेते है एवं निराहार भी रहते है ।

4. रस परित्याग: इंद्रियों के दर्प को नष्ट करने हेतु, निद्रा विजय के लिए घृतादि छह रसों में से त्याग करना.

5. विविक्त शैयासन: एकांत में एवं निर्जन्तुक घर, मंदिर, धर्मशाला, गुफा आदि स्थानों में

निर्बाध ब्रह्मचर्य, स्वाध्याय, ध्यान की सिद्धि के लिए विविक्त शैयासन तप किया जाता हैं।

6. कायक्लेश तप : वृक्षमूल योगादि शीत गर्मी की बाधा को सहन करना, शरीर को कष्ट देना। साधुओं को ये छहों तप करना चाहिए।

ये छहों तप निम्न अंतरंग तप के लिए साधन हैं।

1) प्रमाद एवं अन्य दोषों का परिहार करना प्रायश्चित है।

2) पूज्य पुरूषों का आदर करना विनय तप है।

3) साधर्मी की सेवा करना वैयावृत्ति तप है।

4) आलस्य का त्याग करके ज्ञान की आराधना करना स्वाध्याय तप है।

5) अहंकार/मान का त्याग करना व्युत्सर्ग है एवं

5) चित्त के विक्षेप का त्याग करना ध्यान तप है।

इस प्रकार से बारह प्रकार का तप कर्म-क्षय का कारण हैं। तप सुप्त चेतना को जागृत करने वाला हैं।

शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिये बहिरंग तप किये जाते हैं और मन की वृत्ति आत्म-मुख करने के लिये अन्तरंग तपों का विधान किया गया है। दोनों प्रकार के तप आत्म शुद्धि के अमोध साधन हैं। तप के प्रभाव से किसी भी वातावरण में जैन साधक आत्म-साधना के लिये तत्पर रहते है ।

संयम की सिद्धि, राग का उच्छेद, कर्मों का नाश, ध्यान और आगम की प्राप्ति के लिए तप धारण किया जाता है। समतामय जीवन जीना ही तपस्वी की पहचान है। सच्चा तपस्वी साधनों से नहीं साधना, तप करके खुश होता है। तपस्या के बाद विशुद्धि बढ़ती है ।

रुचि से, मन से, लगन से, अंतरभावना से किया जाने वाला तप कठिन नहीं लगता है और सन्मार्ग प्रशस्त करता है ।उत्तम तप निर्वांछित पाले, सो नर करम- शत्रु को टाले।

सुभाष चंद्र जैन,
पूर्व सहायक महा प्रबंधक
एसबीआई

साक्षरता कार्यक्रम में कॉपी-पेंसिल और प्रवेशिका को नहीं मिला स्थान

आजादी के अमृत महोत्सव में शत-प्रतिशत साक्षरता की सोच होनी चाहिए । आजादी के समय देश में 86 प्रतिशत लोग असाक्षर थे। 2011 की जनगणना में 74 प्रतिशत साक्षरता दर दर्ज की गई। राजस्थान में अभी भी 35 प्रतिशत लोग असाक्षर है, जिन्हें साक्षर बनाने के लिए सम्पूर्ण साक्षरता अभियान के बाद 2009 में साक्षर भारत कार्यक्रम और बाद में पढ़ना-लिखना अभियान संचालित किया गया। शत प्रतिशत साक्षरता हासिल करने का लक्ष्य 2030 तक का रखा गया है।

राजस्थान 1991से 2001 के बीच निरक्षरता उन्मूलन के लिए जोरदार प्रयास किए और हमारी साक्षरता मात्र 38.55 प्रतिशत से 61.03 प्रतिशत तक पहुँच गई।

राजस्थान को भारत सरकार के भरोसे नहीं रहकर अपनी अलग पहचान कायम करनी चाहिए। राजस्थान के पास साक्षरता आंदोलन का अनुभव है, प्रशिक्षित टीम और सरकारी-गैर सरकारी मजबूत ढांचा तैयार हुआ जिसका भरपूर उपयोग करने की कोशिश हो।

भारत सरकार की साक्षरता योजनाओं के भरोसे पर न बैठकर हमारे प्रदेश की भौगोलिक परिस्थियों के अनुसार कार्य योजना का निर्माण करें जबकि बड़ी बात यह है राजस्थान ही एक ऐसा राज्य है जिसके पास साक्षरता अभियान के लिए प्रशिक्षित एवं सरकारी संसाधन उपलब्ध हैं बावजूद भी इस चुनौती को स्वीकार करने की बजाय हम केवल भारत सरकार के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं ।

आजादी के समय भारत की साक्षरता प्रतिशत शोचनीय स्थिति में थी आजादी के 75 साल बाद

आज भी भारत में निरक्षरता का बोलबाला देखा जा सकता है। आजादी के बाद देश में निरक्षरता उन्मूलन के

राजेन्द्र जोशी

लिए दशक दर दशक अनेक अभियान चले , सबसे बड़ा अभियान तो सम्पूर्ण साक्षरता अभियान, उत्तर साक्षरता अभियान और सतत शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए गए। आजादी के अमृत महोत्सव में ठोस और प्रभावी कार्यक्रम बनाकर हार्डकौर असाक्षरों को साक्षर किया जाए तो हम शत प्रतिशत साक्षर देश की श्रेणी में शामिल हो सके। विकसित देश बनाने के लिए साक्षर होना होगा।

शिक्षाविदों ने सोचा था की 75 साल बाद एक बार फिर से देश में शत प्रतिशत साक्षरता के लिए आंदोलन चलाया जाएगा।

नई शिक्षा नीति में प्रौढ़ शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय स्थान जहाँ तक संभव हो आईसीटी से सुसज्जित एवं सामुदायिक भागीदारी नाम पर कुछ पन्ने डालें जब परियोजना सामने आई तो उसमें साक्षरता अभियान के लिए कॉपी पेंसिल आईपीसीएल को कोई स्थान नहीं मिला।

नवभारत साक्षरता नाम से एक परियोजना भारत सरकार ने बनाई है। जिसकी रूपरेखा में पढ़ने वाले असाक्षरों को कॉपी-पेंसिलऔर प्रवेशिका की जगह कंप्यूटर से शिक्षित होने का निर्देश दिया गया है। कंप्यूटर से शिक्षित करने के लिए स्वयंसेवकों के रूप में स्कूल के विद्यार्थियों को जिम्मेदारी दी गई है।

यह विद्यार्थी वह है जो खुद अभी कंप्यूटर साक्षरता में पारंगत होना बाकी है। पहले इन्हें कंप्यूटर साक्षरता में पारंगत किया जाएगा फिर असाक्षरों को कंप्यूटर से साक्षर करने का काम किया जाएगा।

यह परियोजना हास्यास्पद लगती है कि जिस देश के सभी गांवों में बिजली नहीं है, अगर किसी स्कूल में कंप्यूटर है तो वहां कंप्यूटर अनुदेशक नहीं है। स्कूल में स्थापित कंप्यूटर लैब के माध्यम से प्रोढो को साक्षर करने की परिकल्पना की जा रही है परंतु असाक्षरों को सीधे कंप्यूटर से साक्षर करने कि यह परियोजना कहां तक सफल होगी।

राजेन्द्र जोशी,
वरिष्ठ साहित्यकार

वॉर्डवासियों ने जलदाय विभाग कार्यालय पर जड़ा ताला

चूरू, (कासं)। शहर में पेयजल आपूर्ति ठीक से नहीं होने के कारण शहर के अधिकांश वार्डों में पिछले कई दिनों से पानी सप्लाई बाधित हो रही है। शहर के अधिकांश ट्यूवेल खराब पड़े हैं और पूरे शहर में पानी सप्लाई में गंदा पानी आ रहा है, जिसके कारण से आधे से ज्यादा शहर बीमार पड़ा है।

मंगलवार को बड़ी संख्या में वार्ड 33 के महिला-पुरुषों ने भाजपा नेता भंवर गुर्जर के नेतृत्व में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय के आगे धरने पर बैठ गये और कार्यालय के ताला जड़ दिया।

वार्ड के लोगों में आक्रोश इतना था कि तीन घंटे तक लगातार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन करते रहे । आखिर में एतिहात के तौर पर जलदाय विभाग के अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। मामले की गंभीरता को लेकर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, प्रधान दीपचंद राहड़, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल भी धरने स्थल पर पहुंचकर धरने को संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने कहा कि यदि आने वाले समय में यही स्थिति रही तो सैकड़ों नहीं हजारों की संख्या में विधायक राजेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन कर इस सरकार को सबक सिखाया जाएगा। प्रधान दीपचंद राहड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि जलदाय विभाग ने जब से नई कंपनी को ठेका दिया है, तब से शहर के यही हाल हैं। ठेकेदारों की गलती के कारण अधिकांश ट्यूवेल बंद पड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि यहां की आवासन मंडल कोलोनी में भी गंदा पानी आने की शिकायत लगातार मिल रही है।

इसी के साथ पंप हाऊस पर तैनात कर्मचारी अपनी मनमर्जी से पानी की सप्लाई खोलता है। कई दफा दो दिन तक पानी नहीं खोलता जिसके कारण

जलदाय विभाग कार्यालय के ताला लगाने वाले प्रर्शनार्थियों को पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, प्रधान दीपचंद राहड़ ने संबोधित किया

लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान शांति नगर के लोगों ने बोतलों में गंदा पानी भरकर अधिकारियों के सामने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं व जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता व सिटी एईन मेजर खान के बीच हुई वार्ता हुई।

अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। वार्ता में एईन मेजर खान ने बताया कि आगामी 20 दिनों के अंदर नये ट्यूवेल खुदाई कर इस समस्या का अति शीघ्र ही समाधान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु के विग्रह स्नान के दर्शन किए

राजसमंद, (निसं)। जल झूलनी एकादशी पर धर्मनगरी चारभुजा गढ बोर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा । जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु के विग्रह स्नान के अलौकिक दृश्य को निहारा। मंगलवार को ठाकुरजी की राम रेवाड़ी

■ **जयकारों के साथ गुलाल से सराबोर हुई चारभुजा नगरी**

निकालने से पूर्व सोमवार से ही मंदिर में श्रद्धालु कतारबद्ध हो गए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा मंदिर चौक खचाखच भर गया। व्यवस्था को लेकर तैनात पुलिस जाप्ते ने चौक की व्यवस्था को संभाले रखा।

राम रेवाडी निकालने से पूर्व प्रभु श्री चारभुजानाथ के राजभोग आरती हुई। इस दौरान करीब आधे घंटे के लिए दर्शन बंद रहे । ठाकुरजी की सोने की पालकी को सजाया। करीब सवा 12 बजे ठाकुरजी की बाल प्रतिमा को सोने की पालकी में बिराजित किया गया। इसके बाद बैण्ड बाजों की धुन व शहनाइयों की स्वर लहरियों व घणी खम्मा व छोगाला छैल के जैकारों के बीच ठाकुरजी की वैवाण को मंदिर चौक में उतारा गया। जहां मौजूद श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल की छटा बिखेर कर ठाकुरजी के समक्ष नतमस्तक हुए। दूध तलाई पहुंचे के



सोने की पालकी में बाल स्वरूप में बिराजे ठाकुरजी के लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

बाद ठाकुरजी को तलाई स्थित छतरी में बिराजमान करवाया। दही का भोग धराने के बाद अमल का भोग धराया। इसके बाद राजावत परिवार द्वारा बाल प्रतिमा को केवडे में लिपटा कर माथे पर रखकर स्नान कराने के लिए प्रस्थान किया। इसके बाद परम्परागत पुजारियों ने ठाकुरजी के विग्रह के साथ दो बार दूध तलाई की परिक्रमा पूरी की। पुजारी व भक्तगण भजन कीर्तन करते हुए शाम 6 बजे मंदिर पहुंचे। जहां प्रभु की बाल प्रतिमा की आरती उतार कर गर्भ ग्रह में प्रतिस्थापित करवाया। इस बार जलझूलनी मेले में करीब 1 लाख श्रद्धालुओं के ठाकुरजी के दर्शनार्थ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं राज्यसभा सांसद व कुंवारिया निवासी लहर सिंह सिरौया ने भी चारभुजा पहुंच ठाकुरजी के दर्शन किए। पुजारी नाथूलाल गुर्जर ने बताया कि उन्होंने रेवाडी में 1 किलो सोना भेंट किया जो देवस्थान में दर्ज कर रसीद प्राप्त की। वही कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड भी जलझूलनी मेले में शामिल हुए।

राशिफल बुधवार 7 सितम्बर, 2022

पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र सांय 4:00 तक, शोभन योग रात्रि 1:15 तक, बव करण दिन 1:35 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मकर, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज जल झूलनी एकादशी व्रत वैष्णवों का है। आज श्री वामन जयन्ती, हरिवासराभाव, भुवनेश्वरी जयन्ती है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:14 तक, शुभ 10:52 से 12:25 तक, चर 3:31 से 5:04 तक, लाभ 5:04 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:12, सूर्यास्त 6:37

मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

सिंह

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

धनु

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। चलते व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

वृष

धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कन्या

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

मकर

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। व्यक्तिगत समस्याओं और भागदौड़ से राहत मिलेगी। आर्थिक मामलों से संबंधित शुभ संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी।

मिथुन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

तुला

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और अतिथियों के आगमन से आवश्यक कार्यों को टालना पड़ सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कुंभ

व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यक्तिगत और घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कर्क

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी और मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा है। अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

मीन

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में धार्मिक मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। लायन्स क्लब कोटा में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह एवं संभागीय अध्यक्ष की अधिकारिक यात्रा का आयोजन किया गया। क्लब के सचिव पुरूषोत्तम पालीवाल ने बताया कि शिक्षक दिवस पर क्लब की ओर से प्रशस्ति पत्र,श्रीफल व शॉल भेंट कर 11 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष निशा धूत ने क्लब की गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ अशोक नुवाल व सुधाकर बहेड़िया ने किया। सभा में सचिव पालिवाल ने जुलाई व अगस्त माह के कार्यो का ब्यौरा पेश किया। सदस्य अरूण व मंजू तुलसीयान ने गीता का पठन कर गीता पढ़ने के लाभों को मंच से बताया। इस अवसर पर क्लब के सितम्बर माह के जन्मे सदस्यों को भी सम्मानित किया गया । स्वागत भाषण में अध्यक्ष जुगल किशोर सोनी ने कहा कि गुरू का जीवन में बहुत महत्व होता है गुरू ही हमें सही राह दिखा सकता है बिना गुरू के हमे रास्ता तो मिल सकता है परन्तु मंजिल हमें गुरू के दिखाए रास्ते से ही मिलती है। संभागीय अध्यक्ष लायन निशा धूत ने शिक्षक कर्तव्य व कार्यो के बारे में विस्तार से बताया ।

कोटा का अदालत परिसर भी हेरिटेज लुक में आएगा नजर

कोटा, (निसं)। कोटा का अदालत परिसर भी अब जल्दी हेरिटेज लुक में नजर आएगा यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में अदालत परिसर में अभिभाषक परिषद कोटा द्वारा की गई मांग के मुताबिक कार्य नगर विकास न्यास द्वारा शुरू कर दिए गए हैं अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि हाल ही में नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल को अभिभाषक परिषद द्वारा परिसर में मौजूद समस्याओं से अवगत करवाया गया था जिसके बाद उन्होंने तुरंत ही परिसर का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर अदालत परिसर में होने वाले कार्यो की डीपीआर तैयार करवा कर कार्य शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए जिससे सभी अभिभाषक को में उत्साह का माहौल है काफी लंबे अरसे बाद अभी भाषा को लंबे वक्त तक राहत प्रदान करने वाले कार्य करवाए जा रहे हैं। सर्दी, गर्मी, बरसात में वकीलों को बैठने एवं अन्य समस्याओं के चलते होने वाली परेशानियों से जल्द निजात मिलने जा रही है।

कोटा की अदालत परिसर को हैरिटेज लुक दिया जाएगा।

न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में अदालत परिसर में आरसीसी से निर्मित विशाल हॉल का निर्माण करवाया जाएगा जिसके पिल्लर बंशी पहाड़पुर पत्थर पर कलात्मक कार्य से आकर्षक होंगे, हेरिटेज लुक में दिखाई देंगे हॉल को हैरिटेज लुक देने के लिए मेहराब सहित अन्य कलात्मक कार्य करवाया जाएगा इसके परिसर में मौजूद सभागा, लाइब्रेरी, सचिवालय सहित अन्य भवनों का रिनोवेशन का कार्य भी किया जाएगा यही नहीं परिसर में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी सीवरेज लाइन का कार्य, जनसुविधाओं के कार्य भी प्रोजेक्ट के तहत किये जाएगे।

सड़कों का मरम्मत कार्य जारी

कोटा, (निसं)। अनन्त चतुर्दशी के मौके पर कोटा में निकलने वाले भव्य जुलूस मार्ग की सभी सड़कें, छाया, पानी प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश के बाद लगातार जुलूस मार्ग एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत का काम व्यापक स्तर पर जारी है।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा दौरे के 1 सितंबर को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष निर्देश दिए थे वही मंत्री धारीवाल लगातार जुलूस मार्ग एवं अन्य क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत सहित अन्य कार्यों को लेकर अधिकारियों से लगातार फीडबैक लेकर विशेष निर्देश दे रहे हैं। 8 सितंबर को मंत्री धारीवाल अनन्त चतुर्दशी से पूर्व जुलूस मार्ग का निरीक्षण करेंगे। मंत्री धारीवाल के निर्देश के बाद गुमानपुरा से बारहद्वारी तक सड़कों का पैच वर्क लगभग पूरा हो चुका है वहीं नए कोटा क्षेत्र में भी लगातार सड़कों की मरम्मत का कार्य जारी है। बारिश के मौसम के तुरंत बाद बारिश एवं सीवरेज कार्य से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का कार्य 180 करोड़ के बजट से किया जाना प्रस्तावित है।

सार-समाचार

ठाकुर जी को लगेगा मक्खन का भोग

कोटा, (निसं)। शुद्धाद्वेत प्रथम पीठ श्री मथुराधीश मंदिर पर बुधवार को दान एकादशी मनाई जाएगी। प्रथम पीठ युवराज बावा मिलन कुमार गोस्वामी ने बताया कि दान एकादशी पर ठाकुर जी को दूध, दही और मक्खन का भोग लगाया जाएगा। यह क्रम लगातार अगले 15 दिन तक चलेगा। उसके महादान एकादशी मनाई जाएगी। जिसमें ठाकुर जी को बड़ा भोग लगता है। उन्होंने बताया कि वल्लभ संप्रदाय में ऐसी मान्यता है कि ठाकुर जी के जन्म के बाद वे गोपियों से माखन का दान मांगते हैं। वहीं वे दान देते भी हैं। इस दौरान मुकुट का श्रृंगार भी किया जाएगा।

अंशु सैनी का मिला कोटा रत्न

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम परमार्थ सेवा समिति की ओर से आरकेपुरम निवासी समाजसेवी सुमंगलम ग्रुप के चेयरमैन ईश्वर लाल सैनी की पुत्रवधू अंशु सैनी को कोटा रत्न से सम्मानित किया गया है। अंशु सैनी ने 28 अगस्त 2022 को साउथ अफ्रीका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अल्ट्रा मैराथन कामरेड प्रतियोगिता में भारत मे तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रेणु गौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश विजय, सचिव उर्मिला व्यास, कोषाध्यक्ष महावीर जैन, सदस्यगणों में जगदीश गौतम, विमल शर्मा, पृथ्वीराज गोचर, एस के ओझा, भंवरलाल गोचर, राम सेन, मनोज गर्ग, सुनिता विजय उपस्थित रहे।

बैठक 13 सितम्बर को

कोटा, (निसं)। जनाधार में नाम, जन्मतिथि, आयु, लिंग एवं परिवार की श्रेणी, जाति में एक से अधिक बार परिवर्तन के लिए अपीलार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं सत्यापन पश्चात् ऑनालाईन अपडेशन के लिए जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में मंगलवार 13 सितम्बर को सांय 4 बजे टैगोर हॉल में बैठक आयोजित की जायेगी।

प्रतियोगिता आयोजित

रामगंजमंडी, (निसं)। श्री वीर जैन सोशल ग्रुप रामगंजमंडी ने मोड़क दिगंबर जैन मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की। आयोजन के पुरुस्कार श्री वीर जैन सोशल ग्रुप द्वारा प्रदान किये गए। कार्यक्रम का संचालन मैना दुगेरिया ने किया। इस आयोजन में 8 महिलाओं व 22 बच्चों ने भाग लिया। महिलाओं ने सीता की नाटिका के द्वारा कर्म सिद्धान्त को समझाया। अन्त में समूह की और से पंकज सुरलाया ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा इस समूह में मोड़क ग्राम के 5 रत्न है जो समूह में अपनी अनुकरणीय सेवा प्रदान करते है।

संगीतमय प्रश्नमंच में झूमे भक्त

रामगंजमंडी, (निसं)। पर्यूषण पर्व के छठे दिन हाटपिपलिया से आई रुचि टोंग्या ने अपनी स्वर भक्तिमय भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होनें भजनों के माध्यम से तीर्थकर, महापुरुषों, सन्तों के प्रश्नों को पूछा इससे सभी को जानकारी भी हासिल हुई। इस आयोजन में राजकुमार गंगवाल, शोभित जैन का विशेष सहयोग रहा ।

उपहार योजना में लॉटरी से किसानों का चयन

कोटा, (निसं)। कृषि उपज मंडी समितियों में कृषि उपज को ई-नाम पोर्टल पर बेचने तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों के चयन के लिए किसान उपहार योजना के तहत लॉटरी मंगलवार को अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि उपजमंडी के अधिकारियों एवं किसान संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निकाली गई।

संयुक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग हरिचरण मिश्रा ने बताया कि सरकार द्वारा ई-नाम पोर्टल के माध्यम से कृषि उपज मंडी समितियों में कृषि उपज बेचने एवं ई-पैमेंट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों के प्रोत्साहन के लिए ईनाम राशि का भुगतान लॉटरी के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि कोटा खण्ड में 6 जिलों की 20 कृषि उपज मंडी समितियों में 1 जनवरी से 30 जून तक 4 लाख 83 हजार 483 किसानों के कूपन जारी किए गए जिन्हें सूचना विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटराइज कर ऑनलाईन लॉटरी निकाली जाती है। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन के लिए खण्ड स्तर पर किसानों को प्रथम पुरस्कार राशि 50 हजार, द्वितीय को 30 हजार तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले को 20 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मण्डी स्तर पर लॉटरी निकालकर किसानों को पुरस्कार प्रदान कर दिए गए हैं। देई मण्डी समिति उपज विक्रय करने वाले किसान जगदीश सिंह को प्रथम पुरस्कार, बून्दी मंडी समिति में उपज विक्रय करने वाले रामकुमार को द्वितीय तथा बून्दी मंडी समिति के ही संतोष का तृतीय पुरस्कार के रूप में लॉटरी द्वारा चयन किया गया।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मुकेश झा, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीपक भाटिया, कृषि उपज मंडी समिति कोटा के जवाहर लाल नागर, बून्दी के मोहनलाल जाट, इटावा के पवन भास्कर, मुकुट बिहारी यादव, भा. किसान संघ के नरेन्द्र यादव सहित किसान संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नेत्रदान संकल्प शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। श्रीनाथपुरम निवासी राजकुमार गुप्ता सीएडी सर्किल स्थित एसबीआई बैंक में सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत थे। बीते दिनों उनकी सेवानिवृत्ति हुई जिसके अवसर में उन्होंने परिवार, मित्रों और क़रीबी रिश्तेदारों के लिये सहभोज का आयोजन किया था।

राजकुमार की पत्नी अर्चना माहेश्वरी काफी समय से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई हैं, इसलिए उन्होंने अपने पति और बेटे विनीत से सहभोज कार्यक्रम में नेत्रदान संकल्प शिविर आयोजित करने का विचार रखा।

जिससे जो भी व्यक्ति नेत्रदान का संकल्प लेना चाहता हो वह अपनी स्वेच्छा से ले सके। परिवार के सभी सदस्यों की सहमति मिलने के उपरांत शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम के द्वारा सहभोज कार्यक्रम में नेत्रदान संकल्प शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें राजकुमार गुप्ता, उनकी पत्नि अर्चना माहेश्वरी सहित, दोनों बेटों विनीत, सुमित, बहुओं प्रीति और पूनम और पारिवारिक सदस्य रोहित पंचोली ने भी अपने नेत्रदान के संकल्प पत्र भरे।

विधायक ने किया अदालत परिसर में नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण

विधायक अशोक डोगरा ने फीता काटकर नवनिर्मित टीनशेड का उद्घाटन किया।

बूंदी। अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष आनंद सिंह नरूका ने बताया कि अधिवक्ताओं की बैठने की समस्या को देखते हुए विधायक कोष से निर्मित नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण मंगलवार को विधायक अशोक डोगरा के कर कमलों द्वारा किया गया।लोकार्पण के पश्चात अभिभाषक परिषद के सभागार भवन में विधायक अशोक डोगरा का सम्मान किया गया। अभिभाषक परिषद की कार्यकारिणी ने साफा पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर विधायक अशोक डोगरा का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष आनंद सिंह नरूका ने विधायक अशोक डोगरा द्वारा समय-समय पर अदालत परिसर व अभिभाषक परिषद में दिए गए सहयोग के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात कार्यकारिणी ने विधायक अशोक डोगरा को मोमेंटो देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के सचिव मुकेश कुमार शर्मा ने किया। लोकार्पण व स्वागत कार्यक्रम में सहसचिव अरविंद सिंह व मुकेश जोशी अधिवक्ता राजकुमार दाधिच, रवि शर्मा ,संजय शर्मा ,भूपेंद्र सक्सेना ,सुनील गौतम, अशोक मीणा ,कौशल किशोर, कमलेश त्रिपाठी ,अमित निंबार्क ,संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

बूंदी । नैनवा में कुछ दिनों पूर्व वृद्धा के साथ हुए पैर काटकर हुई लूट की घटनाक्रम के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से माली समाज का मंगलवार को रोष फूट पड़ा । पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार माली समाज के लोग हायर सेकेंडरी स्कूल में एकत्रित होकर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया । ज्ञापन में बताया कि गत दिनों नैनवां में कीरो का झोपड़ा निवासी वृद्धा के साथ पैर काटकर लूट की घटना हुई है। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। इससे संपूर्ण माली समाज में भारी रोष व्याप्त है । ज्ञापन में लिखा कि नैनवा में हुए घटनाक्रम काशीघ्र खुलासा नहीं किया गया तो माली समाज द्वारा उठा आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी । इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि रुपेश शर्मा, सैनी महापंचायत जिला अध्यक्ष रामलाल सैनी, नैनवा के पूर्व चेयरमैन पुखराज, पार्षद राकेश पुटरा, माया सुमन, मोना सुमन, मथुरा देवी, रिया सुमन सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि जारी

कोटा, (निसं)। जिले में अतिवर्षा के कारण आवासीय क्षेत्रों में हुए नुकसान का सर्वे करवाकर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि जारी करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पीपल्दा तहसील में 207 आवासों एवं 4 केटलशेड में क्षति होने पर 93 लाख 70 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है।

जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने बताया कि जिले में अधिक वर्षा के कारण आवासीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति से कच्चे-पक्के मकानों को नुकसान हुआ था। उन्होंने बताया कि पीपल्दा तहसील में सर्वे कराकर तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि स्वीकृत कर सीधे खातों में जमा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों के निरंतर सम्पर्क में रहकर सहायता उपलब्ध कराने का कार्य लगातार जारी रहेगा। जिला कलक्टर ने बताया कि तहसील पीपल्दा में 67 कच्चे मकानों आंशिक क्षति होने के कारण प्रभावित परिवारों को 2 लाख 14 हजार 400 रूपये तथा 23 पक्के मकान में आंशिक क्षति होने पर एक लाख 19 हजार 600 की सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि सर्वे में 94 कच्चे मकानों के पूर्ण क्षतिग्रस्त पाए जाने पर 89 लाख 39 हजार 400 रूपये एवं 14 झोंपड़ियों के पूर्ण क्षतिग्रस्त पाए जाने पर प्रभावित परिवारों को 57 हजार 400 रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 4 केटलशेड में क्षति होने के कारण प्रभावित परिवारों को 8 हजार 400 रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है तथा 9 कच्चे व पक्के मकानों में आंशिक क्षति होने पर 30 हजार 800 रूपये सहायता राशि स्वीकृत की है। इस प्रकार सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 93 लाख 70 हजार रूपये की सहायता राशि एसडीआरएफ नियमों के तहत कुल 383 आवासों के लिए स्वीकृत कर जारी की गई है।

छात्रों को वन्यजीवों की जानकारी दी

कोटा, (निसं)। अभेड़ा बॉयलोकिल पार्क में अर्जुन क्लासेज के छात्रों को वन्यजीवों के जानकारों ने वन्यजीवों के बारे में जनकारी दी। बाघ मित्र एवं अर्जुन क्लासेज के निर्देशक मुकेश सुमन एवं वन विभाग के बुद्धाराम जाट ने छात्रों को भेड़िया, लेपर्ड, चिंकारा, जरख, नील गायों, काले हिरणों आदि की प्रकृति के बारे में विस्तार से बताया। अर्जुन क्लासेज के निर्देशक मुकेश सुमन ने बताया कि वन्यजीवों और वनस्पतियां हमारे जीवन में संतुलन का काम करती है।

इनकी मौजूदगी जल, जंगल, जमीन को बचाने में है। प्राकृतिक संतुलन गड़बड़ाने पर धरती का तापमान बढ़ जाता है और धरती को बुखार आ जाता है। जिस प्रकार इंसान का स्वास्थ्य गड़बड़ाने पर वह कमजोर हो जाता है और अंत में मृत्यु को प्राप्त होता है। इसी प्रकार धरती का स्वास्थ्य भी जंगल और जंगली जीवों से संतुलित रहता है। छात्रों ने वन्यजीवों की अठखेलियों को निकट से निहारा।

विद्यार्थियों का दूसरे दिन भी प्रदर्शन

- बीईईओ ने मौके पर पहुंच समझाईश की, धरना समाप्त
- 3 घंटे तक फलिया-धींगराडी मार्ग जाम रहा
- 5 घंटे स्कूल में ताला लगा कर धरना प्रदर्शन किया

छबड़ा । फलिया के सीनियर विद्यालय में छात्र-छात्राओ ने मंगलवार को दूसरे दिन भी पांच घंटे स्कूल के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और 3 घंटे तक फलिया-धींगराड़ी मार्ग पर जाम लगाया। जिसका ग्रामीणो ने भी समर्थन किया।

फलिया सरपंच शिवनारायण लोधा ने बताया कि अध्यापकों की कमी से षिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा हैं। यहां 510 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और शिक्षको के 21 पद स्वीकृत हैं, परंतु लंबे समय से अधिकांश पद रिक्त चल रहे हैं। यहां कार्यरत षिक्षको का लगातार स्थानांतरण हो रहा हैं। इससे विद्यार्थी आक्रोषित हैं।

इसके विरोध स्वरूप सोमवार को भी विद्यार्थियो ने स्कूल में तालाबंदी कर 3 घंटे प्रदर्शन किया था। मंगलवार को भी सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगातार 5 घंटे स्कूल में ताला लगा कर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर सीबी ओ दिनेश भार्गव पहुंचे और उनके आश्वासन व सरपंच लोधा द्वारा समझाइश के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। धरना प्रदर्शन में घुमन सिंह, रामभरोस, राजकुमार राव, मुरारी, लाखन, प्रदीपए राहुल, हेमंत, गुलाब सिंह, जितेंद्र लोधा आदि मौजूद रहे।

40 लीटर अवैध शराब बरामद की

छबड़ा, (निसं)। आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को लक्ष्मीपुरा गांव में दबिश देकर शराब बनाने की भट्टियां व वॉश नष्ट कर 40 लीटर अवैध हथकढ़ शराब बरामद की।

प्रहराधिकारी मदनलाल मीणा ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी तपेशचंद जैन, डीएसपी पूजा नागर के निर्देशन में सीआई राजेश मीणा, कोटा उत्तर प्रहराधिकारी गुलाब नबी, कोटा दक्षिण प्रहराधिकारी हेमराज जाटव, प्रहराधिकारी बारां प्रमोद कुशवाह सहित आबकारी निरोधक दल के सिपाही रामदयाल नागर, जगदीश प्रसाद गौड़, जगदीश नागर, रूजदार खां, बृजमोहन, सत्यनारायण मीणा आदि ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो साधारण व दो महत्वपूर्ण अभियोग दर्ज कर यहां से 40 लीटर नाजायज हथकढ़ शराब बरामद की और शराब बनाने की 15 भट्टी व साढ़े 8 हजार लीटर वॉश नष्ट की। इससे पहले भी पुलिस दल ने कई कार्रवाई की है। जिससे अवैध शराब पर कुछ हद तक अंकुश लग सका है।

मिड-डे मील की व्यवस्थाएं जांची

छबड़ा। प्राथमिक विद्यालय हनुवतखेड़ा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकर कॉलोनी का बीईईओ कार्यालय के संदर्भ व्यक्ति ने मिड-डे मील को लेकर सघन निरीक्षण किया गया। संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के अनुसार निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं पर्यवेक्षण व्यवस्था, भौतिक सुविधाएं, कुक कम हेल्पर मानदेय, विद्यालय में 1 फरवरी से 8 मार्च 2022 तक खाद्य सुरक्षा भत्ते के रूप में वितरित खाद्यान्न की स्थिति आदि की जांच की। दोनो विद्यालयो की सभी व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गई। हनुवतखेड़ा में रसो घर निर्माणाधीन है, जिसे प्रधानाध्यापक को शीघ्र कार्य पूर्ण करने को कहा गया।

शिक्षक ने दो पंखे भेंट किए

छबडा, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोरेला में शिक्षक ने दो पंखे भेंट किए।

प्रधानाध्यापक महावीर प्रसाद मेहरा ने बताया कि शिक्षक धर्मराज मेघवाल ने जब बच्चों को गर्मी से परेशान होते हुए देखा तो उन्होंने स्वयं स्तर पर दो पंखे लगवाए। जिससे विद्यार्थियो को गर्मी से राहत मिली। इस पर विद्यालय स्टॉफ ने उनका आभार व्यक्त किया।

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संदीप नागर पुत्र हरनारायण नागर स्कूल रिकार्ड एवं अन्य सरकारी दस्तावेजों में नाम दर्ज हो गया था। मेरे पिता हरनारायण नागर के स्थान पर अब हेमराज नागर करवाना चाहता हूं। भविष्य में मेरे पिता को हेमराज नागर के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

पता:संदीप नागर पुत्र हेमराज नागर जाति धाकड़ निवासी ग्राम कडैयावन तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.)

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश छबड़ा

पीठासीन अधिकारी सुश्री प्रीति नायक, आर.एच.जे.एस.

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रकरण संख्या 54/2022

रामचरण आयु 52 वर्ष पुत्र बिशनलाल जाति सहरिया निवासी बोरदा पोस्ट बिलेंडी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.) ....प्रार्थी

बनाम

सर्व साधारण ....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

वास्ते, सर्व साधारण,

जो कि मृतक श्रीमती भंवरबाई उर्फ भंवरीबाई पत्नी बिशनलाल जाति सहरिया निवासी बोरदा पोस्ट बिलेंडी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.) की मृत्यु दिनांक 18.04.2022 को बमुकाम बोरदा तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां में हो चुकी है। मृतक भंवरीबाई के प्रार्थी के अतिरिक्त 1. बद्रीलाल आयु 45 वर्ष पुत्र बिशनलाल जाति सहरिया निवासी रैगर बस्ती बोरदा पोस्ट बिलेंडी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.) 2. काली बाई आयु 54 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी बाबूलाल जाति सहरिया निवासी कनोटिया कटावर तहसील अटरु जिला बारां (राज.) 3. कांतिबाई आयु 63 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी रमेश जाति सहरिया निवासी सोजपुर वार्ड नंबर 3 स्कूल के पास जिला झालावाड़ (राज.) 4. रामकन्याबाई आयु 49 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी रामचरण जाति सहरिया निवासी तेल फेक्ट्री के पीछे राजीव गांधी कालोनी वार्ड नंबर 4 बारां जिला बारां (राज.) 5. द्वारकीबाई आयु 59 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी पप्पूलाल जाति सहरिया निवासी ग्राम कनोटिया कटावर तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.)

विधिक उत्तराधिकारी है। इनके अलावा/ अतिरिक्त अन्य कोई उत्तराधिकारी एवं नजदीकी रिश्तेदार नहीं है।

मृतक भंवरबाई उर्फ भंवरीबाई की डूब क्षेत्र की मुआवजा राशि 5,86,000/-रुपये अक्षरे पांच लाख छियासी हजार रुपये प्राप्त करने के लिए प्रार्थी ने उत्तराधिकारी हेतु इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है।

अत: इस सूचना पत्र द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डूब क्षेत्र की मुआवजा राशि प्रार्थी को दिए जाने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किए जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, वह दिनांक 06.10.22 समय 10 ए.एम. पर इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें

दिनांक 3.8.22 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से प्रसारित किया गया।

मोहर अदालत अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश छबड़ा

एसडीएम को ज्ञापन दिया

छबड़ा, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के गांव अभी-भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं एवं बदहाल षिक्षण व्यवस्था से षिक्षा प्रभावित हो रही हैं। मंगलवार को भीलवाड़ानीचा सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणो ने एसडीएम को जिला कलैक्टर के नाम ग्यारह सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा। समस्याओ का समाधान नही होने पर आगामी सोमवार से उपखंड कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्षन व मंगलवार से अनिष्चितकालीन धरना दिए जाने की चेतावनी दी।

पूर्व सरपंच राधेष्याम मीणा ने बताया कि सरपंच रानीबाई मीणा के नेतृत्व में उपसरपंच चंदाबाई, वार्ड पंच नरेष बैरवा, रूपसिंह मीणा आदि द्वारा दिए ज्ञापन में यहां के विद्यालय मे हो रहे अतिक्रमण को हटवाने, माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित व्याख्याताओ के रिक्त 12 पदो को षीघ्र भरवाए जाने, ग्राम पंचायत के सभी जीर्णषीर्ण विद्यालय भवनो का पुन: निर्माण करवाए जाने, जर्जर उपस्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत करवाए जाने, घट्टा व कादरपुरा में मुक्तिधाम बनवाने व भीलवाड़ा नीचा एवं घट्टी के मुक्तिधामो को दुरूस्त करवाऐ जाने, कीचड़युक्त स्कूल के खेल मैदान की समस्या का दूर करवाने की मांग की।

विहार पर निकले बूंदी के आराध्य देव

बूंदी। बूंदी के आराध्य श्री रंगनाथ भगवान व श्री गोविंदा नाथ श्री पीतांबर जी ने जलझूलनी एकादशी डोल यात्रा के अवसर पर शहर में भ्रमण कर भक्तजनों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को दर्शन दिए। श्री रंगनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप मंगलवार शाम को महाराव राजा वंश वर्धन सिंह, जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी,सभापति श्रीमती मधु नुवाल सहित गणमान्य नागरिकों ने पूजा अर्चना कर पंडित ओम प्रकाश शर्मा ,पंडित रघुनंदन, राज मुखिया पंडित मुकेश शर्मा ,पंडित मधुसूदन शर्मा सहित सरस्वती भंडार के पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजा अर्चना कर आरती उतार कर डोल यात्रा में भगवान श्री रंगनाथ ,श्री गोविंदा नाथ व श्री पीतांबर जी शहर में श्रद्धालु भक्तजनों एवं दर्शनार्थियों को दर्शन देने हेतु शहर के भ्रमण पर निकले। यह डोल यात्रा बुलबुल का चबूतरे से होते हुए ,तिलक चौक, सदर बाजार, चौमुखा बाजार से निकलती हुई कागदी देवरा ,उपरला बाजार से होती हुई रामबाग स्थित राम घाट पर पहुंची। शहर में बुलबुल के चबूतरे पर लक्ष्मी नाथ के मंदिर, जगदीश के मंदिर, श्री चारभुजा नाथ मंदिर, श्री राव भावसिंह जी पर आरती उतार कर। श्री कल्याण भगवान ,श्री त्रिनेत्र गणेश जी पर महाराव राजा वंश वर्धन सिंह जी ने आरती उतारी ।सेठ जी के चौक पर मान्यता प्राप्त आरती वाले जो जोधपुर में निवास करते हैं उन्होंने बूंदी आकर आरती की।सेठ जी के चौक में राजाओं के राज के समय से चले आ रहे नगर सेठ राजकुमार कासलीवाल ने भी आरती उतारी। भगवान के भ्रमण में डोल यात्रा के साथ साथ बूंदी के कई ठिकाने दार श्री रंगनाथ सेवा समिति के पदाधिकारी,अजय नुवाल, पूर्व पार्षद विजय शंकर ट्रेलर सहित गणमान्य नागरिक साथ साथ चल रहे थे। डोल यात्रा की पूरी व्यवस्था देवस्थान विभाग के निरीक्षक आशुतोष गुप्ता, मैनेजर राम सिंह सहित विभाग के कर्मचारियों ने संभाल रखी थी। राम घाट पर महाराव राजा वंश वर्धन सिंह एवं राजपुरोहित राजेश शर्मा ने भगवान को स्नान करवाकर पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इसके पश्चात डोल यात्रा श्री रंगनाथ मंदिर पहुंचकर पंडितों द्वारा आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया।

पिता को सद्मार्ग पर लाना पुत्र का कर्त्तव्य

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी छोटा चौराहा स्थित गौतम वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक युवराज स्वामी माधव प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा भागवत ज्ञान उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार को भागवत कथा के दौरान भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कथावाचक माधव प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है और बताता है कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियों मे भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकता।

भयानक राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने अपनी ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी और सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद द्वारा अपने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया गया। उन्होंने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता कुमार्गगामी और दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए। प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया।

लड्डू गोपालजी को कंधों पर लेकर नगर भ्रमण कराया

रावतभाटा, (निस)। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल एंव नगर में मंगलवार को जलझूलनी एकादशी पर देवविमान की भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। जलझुलनी एकादशी के अवसर पर अपरान्ह 3 बजे मंदिर में भगवान के बाल स्वरूप लड्डूगोपाल की मूर्ति पर पुष्पमालाएं पहना कर कंधों पर लेकर मन्दिर के इस ओसरे के प्रमुख पुजारी

ईओ एवं उसका दलाल दो लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

कनिष्ठ अभियंता मौके से फरार आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी

दलाल रमेश चन्द सैनी।

अरूण कुमार शर्मा।

थानागाजी, (निसं)। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एस यू द्वितीय जयपुर इकाई द्वारा मंगलवार को थानागाजी में कार्यवाही करते हुए अरुण कुमार शर्मा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका थानागाजी एवं उसके दलाल रमेश चंद सैनी को परिवादी से 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की एस यू द्वितीय जयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म द्वारा करवाए गए विभिन्न कार्यों के पूर्व में पास किए गए कुल 29 लाख रुपए के बिलों की कुल राशि के 14 फीसदी कमीशन के रूप में अरुण कुमार शर्मा अधिशासी अधिकारी ईओ नगर पालिका थानागाजी व भोला राम कनिष्ठ अभियंता नगर पालिका थानागाजी द्वारा अपने दलाल रमेश चंद सैनी प्राइवेट व्यक्ति के माध्यम से 4 लाख 31 हजार रूपते की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। एसीबी एसयू द्वितीय जयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उप अधीक्षक पुलिस मांगीलाल,पुलिस निरीक्षक शिवराज सिंह एवं पुलिस निरीक्षक सुभाष मील की टीमों द्वारा ट्रेप की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की गई।

आरोपी भोलाराम कनिष्ठ अभियंता नगर पालिका थानागाजी को एसीबी कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ आवास तथा अन्य ठिकानों पर तलाश जारी है।

एडीपीसी के लिए रिश्वत लेते प्रधानाध्यापिका गिरफ्तार

सायला के निकटवर्ती उम्मेदाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एसीबी टीम ने कार्रवाई की।

सायला, (निसं)। जोधपुर एसीबी टीम ने मंगलवार को उम्मेदाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को तीन हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह रिश्वत की राशि एक शिकायत को बंद करवाने के नाम पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक के लिए ली गई थी।

जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल यूनिट जोधपुर में बृजेश पत्नी लोकेश कुमार मीणा निवासी खेडला तहसील सपोटरा जिला करौली हाल तृतीय श्रेणी अध्यापिका व्यवस्थार्थ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामा पंचायत समिति आहोर ने परिवाद पेशकर बताया था कि वो पूर्व में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय उम्मेदाबाद में कार्यरत थी। उस दौरान प्रधानाध्यापिका खुशबू गहलोत ने उसकी एक शिकायत की थी। जिसको अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक चंद्रकांत रामावत से बन्द करवाने के लिए परिवादिया से प्रधानाध्यापिका गहलोत ने 3 हजार रुपये की मांग की थी। 2 सितम्बर 2022 को सत्यापन में भी मांग करते पायी गई।

सत्यापन के बाद एसीबी उपमहानिरीक्षक सवाईसिंह गोदारा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में निरीक्षक मनीष वैष्णव मय टीम द्वारा मंगलवार को 3 हजार रुपये रिश्वत की राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया। साथ ही अपने मोबाइल से एडीपीसी रामावत को उनके लिए राशि लेने का कहना कबूला गया। वही इसके बाद एडीपीसी रामावत को भी गिरफ्तार कर लिया है।

मनीष वैष्णव, निरीक्षक एसीबी जोधपुर का कहना है कि शिक्षिका बृजेश मीणा से एक शिकायत बन्द करवाने के लिए तीन हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

राजे की बीकानेर यात्रा की कमान भाजपा संगठन के बजाय देवीसिंह भाटी के पास

देशनोक करणी माता मंदिर में दर्शन के साथ ही देहात और शहर में बड़ी जनसभाओं को भी संबोधित करने की योजना बन रही है

बीकानेर, (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे नौ अक्टूबर को बीकानेर आ रही हैं। यहां देशनोक करणी माता मंदिर में दर्शन के साथ ही देहात और शहर में बड़ी जनसभाओं को भी संबोधित करने की योजना बन रही है।

खास बात ये है कि वसुंधरा राजे की बीकानेर यात्रा की कमान शहर या देहात भाजपा के बजाय पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी के पास है जबकि स्वयं भाटी पहले ही भाजपा छोड़ चुके हैं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे के समर्थक नेता एक महीने में दूसरी बार बीकानेर आये हैं। पहली और दूसरी दोनों बार उन्होंने स्थानीय भाजपा संगठनों से चर्चा करने के बजाय सीधे पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी से संपर्क किया है। यहां तक कि भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने भी अपने आने की सूचना संगठन को नहीं दी है। उनके साथ पूर्व मंत्री युनूस खान और राजपाल सिंह भी आये थे।

- **राजे के समर्थक नेता पूर्व प्रदेशाध्यक्ष परनामी, पूर्व मंत्री युनूस खान एवं राजपाल सिंह भाजपा छोड़ चुके देवीसिंह भाटी से मिले**

देहात भाजपा अध्यक्ष ताराचंद सारस्वत ने बताया कि उन्हें न तो मीटिंग के बारे में जानकारी है और ना ही वसुंधरा राजे की प्रस्तावित यात्रा के बारे में। उधर शहर अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि बीकानेर में आकर भी पूर्व अध्यक्ष परनामी भाजपा कार्यालय नहीं आये। अगर आ जाते तो हम उन्हें माला पहनाते और कार्यकर्ता भी खुश हो जाते। करीब बीस दिन पहले इन्हीं तीन नेताओं ने देवीसिंह भाटी से उनके आवास पर मुलाकात की थी। तब घटनाक्रम के बारे में किसी को पता नहीं चला। इस बार भाटी के साथ देशनोक में सार्वजनिक मीटिंग की गई। देहात अध्यक्ष ताराचंद सारस्वत ने कहा कि उन्हें राजे की यात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

माना जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में अपना दमखम दिखाने के लिए राजे बीकानेर से शुरूआत कर रही हैं। इससे पहले भी परिवर्तन यात्रा के दौरान भी राजे बीकानेर के देशनोक मंदिर आई थी। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले भी राजे ने करणी माता के दर्शन किए थे। देशनोक में मीटिंग के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष परनामी ने बताया कि नौ अक्टूबर को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे देशनोक आयेंगी। यहां मंदिर में दर्शन के बाद बीकानेर में पूर्व विधायक गोपाल जोशी के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके घर जायेंगी।

बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी की माताजी के निधन पर शोक जताने के लिए वसुंधरा उनके लालगढ़ स्थित आवास पर जायेंगी। माना जा रहा है कि बीकानेर में जूनागढ़ के पास नौ अक्टूबर को ही वसुंधरा राजे की जनसभा भी हो सकती है। हालांकि इस बारे में अभी तक कुछ भी स्पष्ट रूप से घोषणा नहीं की गई है।

भाजपा दिग्गज कटारिया की फिर बड़ी मुश्किलें

उदयपुर, (का.सं.)। पन्ना धाय प्रतिमा अनावरण समरोह में की गई विवादित टिप्पणी के मामले में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को उन्होंने वारी समाज से सार्वजानिक रूप से माफी मांग कर मामले का पटाक्षेप करने की बात कही थी लेकिन मंगलवार को उदयपुर में वाल्मिकी समाज के प्रतिनिधियों ने गोर्वधनविलास थाने पहुंचकर गुलाबचंद कटारिया और गिरधारी लाल सोनी के खिलाफ रिपोर्ट दी। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि पुलिस मामला दर्ज नहीं करेगी तो दलितों के सम्मान के लिए कोर्ट के माध्यम से कटारिया के खिलाफ कानूनी लड़ाई लडेंगे।

उल्लेखनीय है कि कटारिया ने बीतें दिनों गोवर्धनसागर पाल पर पन्नाधाय की मूर्ति अनावरण के मौके पर वाल्मिकी समाज के लिए असंवैधानिक शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके बाद से उनकी टिप्पणी का विरोध जारी है।

- **रिपोर्ट लेकर थाने पहुंचा वाल्मीकि समाज**

अंबेडकर मेवाड़ पंचायत के बैनर तले अध्यक्ष पुष्कर चौहान के नेतृत्व में पदाधिकारी गोवर्धनविलास थाने पहुंचे। उन्होंने 30 अगस्त को दिए ज्ञापन मामले में एफआईआर दर्ज की मांग की। इसके बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। थाने पहुंचे बाबूलाल गावरी ने बताया कि गुलाबचंद कटारिया की असंवैधानिक टिप्पणी से वाल्मिकी समाज के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची हैं।

वाल्मिकी पदाधिकारियों ने कहा कि कटारिया ने इस मामले में वारी समाज से तो माफी मांगी ली, लेकिन वाल्मिकी समाज के लिए एक शब्द तक नहीं लिखा। इससे लगता है कि कटारिया वाल्मिकी समाज को हीन दृष्टि से देखते हैं। इतने विरोध के बाद भी वे माफी तक नहीं मांगना चाहते हैं।

पांच मंदिरों के भगवान निकले नगर भ्रमण पर

जलविहार पर निकले भगवान का जगह-जगह स्वागत किया गया।

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बे के प्रसिद्ध 5 मंदिरों के भगवान ने एक साथ नगर भ्रमण कर जलविहार किया। जलझूलनी एकादशी पर्व पर भगवान मंदिरों से पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण करते हुए जलविहार करते हैं। गौरतलब है कि बाग वाले ठाकुरजी महाराज से पालकी प्रारंभ होती है, बिहारी दास जी मंदिर की पालकी,सीतारामजी का मंदिर, गोपीनाथजी मंदिर के पास आकर चार पालकियां कबूतर चौक बाजार स्थित राम लक्ष्मण मंदिर के पास एक साथ पांच मंदिरों के भगवान पालकी में विराजमान होते हैं।

गढ़वाली धर्मशाला, रेवाडी धर्मशाला, कानपुर धर्मशाला, श्री श्याम मित्र मंडल धर्मशाला में सभी भगवानों की विशेष पूजा-अर्चना व जल विहार कर कबूतर चौक पहुंच कर सभी अपने-अपने मंदिरों के लिए वापस रवाना हो जाती है। भगवान की पालकी के नीचे से छोटे बच्चों को निकालने के लिए होड मच जाती है। मान्यता है कि जो बच्चे भगवान की पालकी के नीचे से निकलते हैं उन्हें किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं होती है। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के बाद जितनी भी बच्चे जन्म लेते हैं उनकी कुआं पूजन भी जलझूलनी एकादशी के दिन किया जाता है।

पुलिस और डीएसटी ने 30 लाख की शराब पकड़ी

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने डीएसटी के साथ मिलकर रात को 30 लाख से ज्यादा की अवैध शराब का ट्रक पकडा है। ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है। ट्रक में 586 से ज्यादा अंग्रेजी शराब के कार्टन भरे थे। पुलिस ने यह कार्रवाई सिरोही पुलिस की सूचना पर की है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि सिरोही पुलिस की तरफ से रात में डीएसटी को सूचना मिली कि शराब से भरा ट्रक जोधपुर की तरफ आया है। जिस पर डीएसटी प्रभारी एसआई मनोज कुमार, बोरानाडा थानाधिकारी किशनलाल आदि ने मिलकर नाकाबंदी की। इस पर एक ट्रक को रूकवा कर तलाशी ली गई। तब तिरपाल से ढके इस ट्रक में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई मिली। शराब कार्टन में अलग अलग ब्रांड की शराब मिली। 586 से ज्यादा कार्टन अंग्रेजी शराब के मिले। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ आरंभ की है। बरामद शराब तीस लाख से ज्यादा रूपए की है।

- **सिरोही पुलिस की सूचना पर की डीएसटी ने कार्रवाई**

छज्जा गिरने से कुंड में गिरी दस महिलाएं, दो की मौत

हादसे के दौरान मची अफरा-तफरी, गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला

उदयपुर, (कासं)। शहर के देहलीगेट स्थित बाईजी राज के कुंड पर जलझूलनी एकादशी पर पास ही स्थित छज्जा गिरने से कुंड में जा गिरी। करीब दस महिलाएं कुंड में गिरी जिन्हें गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया जिनमें से दो की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम जलझुलनी एकादशी पर शोभायात्रा के दौरान बाईजीराज कुंड पर पहुंची यात्रा को देखने करीब नौ-दस महिलाएं कुण्ड के उपर बनी पुरानी दीवार पर चढ़ चढ़ कर भगवान की पूजा करने के लिए गई। इस दौरान दीवार का छज्जा गिर ने सभी महिलाएं कुंड में गिर गई और अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों से हादसे की सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस की टीम ने मौके पर पहुंची और महिलाओं को बाहर निकालने का रेस्क्यू शुरू किया। इस दौरान विमला मंत्री व सज्जन कुंवर की मौत हो गई। शेष सभी महिलाओं को बचा लिया गया लेकिन चोंट लगने से पांच से अधिक महिलाओं को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

सूचना पर जिला कलक्टर ताराचंद मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा, एडीएम सीटी प्रभा गौतम, एडीएम प्रशासन ओपी बुनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र मीणा, धानमंडी थानाधिकारी गोपाल चंदेल मौके पर पहुंची व हालात का जायजा लिया। ढही दीवार जिसका छज्जा गिरा वह पुरानी होकर झर्झर हो चुकी थी व उक्त दीवार पर जाने के लिए कुण्ड प्रशासन ने रोक लगा रखी थी। इसके बावजूद महिलाएं वहां पर चढ गई।

राजस्थान सरकार वन विभाग
कमांक प.1 (71) वन/2021 जयपुर दिनांक 10.11.2021
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर
विषय: Diversion of 0.126 ha. Of Forest land in favour of Jio Digital Fiber Pvt. Ltd. for laying Under ground OFC along Road ROW from Village Rathora to Rajol, Tehsil- Semari, District Udaipur Rajasthan (FP/RJ/OFC/45826/2020)
संदर्भ:- आपका पत्रांक एफ 14 (409/37)2020/एफसीए/प्रमुवस /2690 दिनांक 23.9.2021
महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Jio Digital Fiber Pvt. Ltd. (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.126 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा -2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा निर्देशो एवं नवीन निर्देश दि. 27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.126 ha. Of Forest land in favour of Jio Digital Fiber Pvt. Ltd. For laying Under Ground OFC along Road ROW from Village Rathora to Rajol, Tehsil- Semari, District- Udaipur Rajasthan की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान करती है:-
1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नही किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियो एवं जीव जन्तुओ को किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस-पास मजदुरो/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नही लगाया जावेगा।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्य -रत मजदुरों/ स्टाफ को रसोई गैस/ केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकटवर्ती वनो को क्षति न हो।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/ पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/ पत्थर काटने या भरने का कार्य नही किया जावेगा।
7. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट प्रस्तुत करावेगा तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
9. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
10. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दिनांक 24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी व अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध करावा सुनिश्चित करें।
भवदीय,
(बी.प्रवीण) शासन सचिव

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आठ सितम्बर को पैतृक गांव किठाना का दौरा

ट्रायल के लिए किठाना पहुंचे भारतीय वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर

चिड़ावा/चूरू/खाटू, (निसं)। उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनखड़ के 8 सितम्बर को पैतृक गांव किठाना के दौरे की तैयारिया जोर-शोर से जारी हैं। मंगलवार को भारती वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर ट्रायल के लिए किठाना के विद्यालय के खेल मैदान में बनाये गये हेलीपैड पर उतरे। हेलिकॉप्टर के साथ वायु सेना के जवान भी पहुंचे और वहां तैयारियो व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व सुरक्षाकर्मियों ने रिहर्सल किया। सुरक्षाकर्मियों ने उप राष्ट्रपति के रुकने के सभी स्थानों को देखा, सुरक्षा के नजरिये से सभी रास्तों पर रिहर्सल किया। सेना के जवानों सहित दिल्ली से आए सुरक्षाकर्मियों ने उप राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड, जोडिया धाम रोड समेत अन्य जगहों का जायजा लिया। विद्यालय के खेल मैदान में तैयार हो रहे हेलिपैड, स्कूल में नव निर्माण कार्य, मुख्य चौक में अभिनंदन स्थल का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड टीम भी मौके पर तैनात रही। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर गांव में खुशी की लहर है। इस दौरान एसडीएम संदीप चोधरी, डिप्टी सुरेश शर्मा, किठाना सरपंच सुभिता धनखडसहित अन्य मौजूद थे।

वायुसेना व पुलिस के अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति धनखड़ के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ गुरुवार को सालासर आएंगे। वे यहां बालाजी मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना करेंगे। एडीएम लोकेश गौतम ने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ अपनी पत्नी डॉ सुदेश धनकड़ के साथ 8 सितंबर को दोपहर 12.15 बजे शोभासर हैलीपेड पहुंचेंगे। उसके बाद हेलीपैड से दोपहर 12.20 बजे रवाना होकर दोपहर 12.30 बजे सालासर बालाजी मंदिर पहुंचेंगे। दोपहर 12.30 बजे से 1 बजे तक सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन एवं पूजा.अर्चना करने के बाद सालासर बालाजी मंदिर से हैलीपैड पहुचेंगे। वहां से 1.15 बजे इंडियन एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर से खाटू हेलीपेड के लिए रवाना होंगे।

गाड़ी में बेरहमी से भरी गायें, 17 की मौत

अलवर, (निसं)। बानसूर में पुलिस ने गायों से भरे एक गाडी को पकड़ा है। मिनी ट्रक में 25 गाय बडी ही क्रूरता के साथ भरी हुईं थी। जिसमें दम घुटने से 17 गायों की मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक सुनसान कच्चे रास्ते में गाडी छोड़कर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार पुलिस को रात में सूचना मिली कि एक ट्रक में गाय भरकर बानसूर इलाके की तरफ आ रहा है। पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर दी। जिसके बाद मिनी ट्रक का ड्राइवर ट्रक को बहराम का बास गांव के पास शहीद बाबा मंदिर के पास लावारिस हालत में छोडकर फरार हो गए। वहीं, इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने गाडी को कब्जे में लेकर बानसूर के गिरधारी गौशाला में पहुंचाया गया। जिसमें दम घुटने से 17 गायों की मौत हो चुकी थी। वहीं बाकी गायों को गिरधर गौशाला भिजवाया गया है। बानसूर डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि रात्रि को सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक में गाय भरकर बानसूर की ओर आ रही है। वहीं पुलिस ने सभी रास्तों पर नाकाबंदी कर दी गई थी। जिसके बाद ड्राइवर गाडी को छोडकर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर गाडी को जप्त कर लिया। जिसमे 25 गाय ठूंस ठूंस कर भरी हुई थी। वहीं दम घुटने से 17 गाय की मौत हो चुकी है। बाकी सभी गायों को गिरधर गौशाला भिजवाया गया है। जिनका डॉक्टरों से ईलाज करवाया जा रहा है।

एग्रीकल्चर लेक्चरर भर्ती में विषयों की बाध्यता हटाई

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा विभाग के सीनियर सेकेंडरी स्कूल्स में एग्रीकल्चर विषय पढ़ाने के लिए लेक्चरर की भर्ती एक बार फिर अटक गई है। नियमों में पिछले दिनों फेरबदल किया गया, लेकिन भर्ती एजेंसी राजस्थान लोक सेवा आयोग अब शिक्षा विभाग के नए निर्देशों को मानने के लिए तैयार नहीं है। परिणाम ये है कि राज्यभर में हजारों की संख्या एग्रीकल्चर ग्रेजुएट्स नौकरी की दौड़ से फिर बाहर हो गए हैं।

एग्रीकल्चर में स्कूल लेक्चरर की भर्ती के लिए एग्रोनॉमी, होर्टिकल्चर और एनिमल हसबेंड्री में ग्रेजुएशन की बाध्यता है। इसके विपरीत एग्रीकल्चर में अन्य विषयों में ग्रेजुएशन करने वाले कैंडिडेट्स इस भर्ती से वंचित हो रहे थे। इस पर कैंडिडेट्स ने लंबा आंदोलन किया। न सिर्फ कैंडिडेट्स बल्कि यूनिवर्सिटी तक के लेक्चरर ने कहा कि स्कूल में एग्रीकल्चर पढ़ाने के लिए तीन विषयों तक बंधना गलत है। ऐसे में शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला के प्रयास से माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने अपने पदों भर्ती के लिए सभी विषयों का रास्ता खोल दिया।

अब दस से बारह हजार बेरोजगार एग्रीकल्चर ग्रेजुएट के लिए नियुक्ति प्रक्रिया में हिस्सा लेना आसान हो गया। भर्ती के लिए आरपीएससी के पास फाइल पहुंची। वहां से विज्ञापन जारी नहीं किया गया। शिक्षा ग्रुप (2) के संयुक्त शासन सचिव ने सरकार के स्तर पर निर्णय की जानकारी माध्यमिक शिक्षा निदेशक को दी। शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने सरकार के निर्णय से आरपीएससी को अवगत करा दिया, लेकिन आरपीएससी इसे मानने के लिए तैयार नहीं है। आरपीएससी इसके लिए योग्यता में पूरी तरह संशोधन की आवश्यकता जता रहा है। ऐसे में ये नियुक्ति प्रक्रिया अटक गई है। तीन विषयों की बाध्यता हटने के बाद अन्य विषयों से जुड़े टीचर्स ने खुशियां मनाई। शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला और शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल को धन्यवाद भी दिया लेकिन अब स्थिति फिर वही हो गई। एग्रीकल्चर ग्रेजुएट्स ने कहा- अगर समय रहते इस पर आरपीएससी ने सही निर्णय नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

- **आरपीएससी अब शिक्षा विभाग के नए आदेशों को मानने को तैयार नहीं**
- **हजारों ग्रेजुएट्स नौकरी की दौड़ से बाहर हुए**

राजस्थान सरकार वन विभाग
कमांक प.1 (54) वन/2022 जयपुर दिनांक 1.6.2022
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर
विषय: Diversion of 0.0857 ha. Of Forest land in favour of Jio Digital Fiber Pvt.Ltd. for permission for laying Underground OFC in ROW of existing PWD Road from Paluna - Dhaul Ji ka Ghura from Lat/long point 24.308667/73.847714 to 24.316406 /73.860933 for total length 1.904 Km and area 0.0857 ha in forest in Udaipur District, Rajasthan (FP/RJ/OFC/44201/2020)
संदर्भ:- आपका पत्रांक एफ 14 (384/36)2020/एफसीए/प्रमुवस /1530 दिनांक 29.4.2022
महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Jio Digital Fiber Private Limited (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.0857 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा निर्देशो एवं नवीन निर्देश दि. 27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.0857 ha. Of Forest land in favour of Jio Digital Fiber Pvt.Ltd. for permission for laying Underground OFC in ROW of existing PWD Road from Paluna - Dhaul Ji ka Ghura from Lat/ long point 24.308667/73.847714 to 24.316406/ 73.860933 for total length 1.904 Km and area 0.0857 ha in forest in Udaipur District, Rajasthan की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान करती है:-
1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नही किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियो एवं जीव जन्तुओ को किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किये जाने वाले को वृक्षों वन विभाग की बिना पूर्वानुमति के नही काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस-पास मजदुरो/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नही लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदुरों/ स्टाफ को रसोई गैस/ केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकटवर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/ पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/पत्थर काटने या भरने का कार्य नही किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सटिर्फिकेट प्रस्तुत करावेगा तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
11. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दि. 24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दि.7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी व अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध करावा सुनिश्चित करें।
भवदीय,
(बी.प्रवीण) शासन सचिव

अग्रवाल वुड्स के गोदाम में मुनीम ने ही करवाई थी डकैती

पुलिस ने मुनीम सहित चार आरोपियों को दौलतपुरा से गिरफ्तार किया

जयपुर,(कासं)। राजधानी के करणी विहार थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर अग्रवाल वुड्स गोदाम में व्यापारी को को बंधक बनाकर की गई 15 लाख 48 हजार की लूट उसके ही नौकर ने करवाई थी। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में नौकर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि डकैती की पूरी योजना नौकर ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी। पुलिस फरार दो बदमाशों की तलाश में जुटी है। आरोपियों ने गोदाम में दो बार वारदात करने का प्रयास किया था, इस दौरान ज्यादा ग्राहक होने के कारण सफल नहीं हो पाए थे। इस वारदात का खुलासा करने में कांस्टेबल सागर

- **आरोपियों ने गोदाम में दो वार वारदात करने का प्रयास किया था।**
- **पुलिस फरार दो बदमाशों की तलाश में जुटी है।**

कड़वा की अहम भूमिका रही।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि वारदात के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रामसिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इनमें इसमें एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी, एसीपी वैशाली नगर आलोक कुमार, करणी विहार थानाधिकारी जयसिंह बसेरा, वैशाली नगर थानाधिकारी हीरालाल सैनी, चित्रकूट थानाधिकारी रामकिशन विश्नाई, कालवाड़ थानाधिकारी पन्ना लाल जागिंड और दौलतपुरा थानाधिकारी नरेन्द्र खींची को शामिल किया गया। पुलिस ने रात दिन काम कर आरोपियों को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश उर्फ ओपी गुर्जर (20) गांव जोधुला विराटनगर, महेश मीणा उर्फ भोलू (28) निवासी सराय कलां मुण्डावर अलवर, विजय मीणा (22) निवासी पेजूका, कोटपूतली और रवि सोनी (23) निवासी खेतड़ी, झुंझुनूं है। राणा ने बताया कि पुलिस को सबसे पहले नौकर ओमप्रकाश गुर्जर उर्फ ओपी पर शक हुआ। वारदात के कुछ देर बाद ही पूछताछ के लिए उसे बुला लिया गया। इस दौरान वह बदल-बदल कर बयान दे रहा था। संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस को उस पर और संदेह हुआ। सख्त से पूछताछ करने पर उसने वारदात करना कबूल कर लिया। उससे पूछताछ में वारदात में बदमाश सीताराम मीणा, प्रेम उर्फ लाला, रवि सोनी, महेश मीणा, विजय मीणा के शामिल होने का पता चला। इस पर पुलिस ने इन तीनों को जयपुर के दौलतपुरा से गिरफ्तार कर लिया। डकैती की योजना ओमप्रकाश गुर्जर ने अपने दोस्त सीताराम के साथ मिलकर की थी।

जयपुर पुलिस ने लूट के मामले में मुनीम सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

हरियाणा के दोस्त भी शामिल

नौकरी के दौरान शोरूम से लाखों रुपए की लेन-देन होने के बारे में उसे पूरी जानकारी हुई। इसके बाद उसने शोरूम पर डकैती डालने की प्लानिंग की। राजस्थान और हरियाणा के दोस्तों को अपने प्लान में शामिल किया। प्लानिंग के तहत विवेक के शोरूम में बैठने के कुछ देर बाद ही डकैती डाली गई। हथियार के दम पर 15.48 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।

एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी ने बताया गिरफ्तार आरोपी मुनीम ओमप्रकाश करीब दो साल पहले पड़ोसी गांव मैड में परिचित की शादी में गया था। वहां उसकी मुलाकात आदतन बदमाश सीताराम मीणा से हुई। बातचीत के बाद दोनों में दोस्ती हो गई और मोबाइल पर एक-दूसरे से संपर्क में रहने लगे। करीब तीन महीने पहले सीताराम ने अपने साथी सोहन उर्फ सोनू के साथ मिलकर हार्डवेयर की दुकान पर हफ्ता वसूली के लिए फायरिंग की। वारदात में इस्तेमाल पिस्टल को ओमप्रकाश गुर्जर को छिपाने के लिए दे दी। ओमप्रकाश ने फेसबुक पर पिस्टल के साथ वीडियो बनाकर अपलोड भी किए। करीब 15 दिन पहले ओमप्रकाश के गांव जाने पर सीताराम से मुलाकात हुई। बातचीत में सीताराम को बताया कि वह जयपुर में टिम्बर व्यापारी के यहां काम कर रहा है। उसके यहां रोज का करीब पांच लाख रुपए का काम-काज है। इसके बाद दोनों ने मिलकर डकैती की साजिश रची।

सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे खंगाले

करणी विहार, वैशाली नगर, चित्रकूट, कालवाड थाना पुलिस सहित डीएसटी पश्चिम और साइबर टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस की स्पेशल टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में सैकड़ों की संख्या में सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम को बुला कर साक्ष्य एकत्रित किए गए। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता के आधार पर बदमाशों को चिन्हित किया गया।

पिता के कहने पर बेटे को दी नौकरी

पिछले करीब 7 साल से ओमप्रकाश के पिता करणी विहार स्थित अग्रवाल वुड्स शोरूम के पास चाय की दुकान करते हैं। शोरूम पर चाय देने आने के दौरान उन्होंने कारोबारी विवेक अग्रवाल से अपने यहां बेटे को काम पर रखने की गुजारिश की थी। उनके कहने पर ओमप्रकाश को विवेक ने काम पर रख लिया। 2 महीने पहले नौकरी करने गांव से ओमप्रकाश जयपुर आ गया। धावास रोड पर किराए पर पिता के साथ रहने लगा।

खुद को भी बनवाया बंधक

डकैती में शामिल होने के बारे में ओमप्रकाश पर शक नहीं हो, इसलिए कैश लूटने के बाद मालिक के साथ उसे भी बंधक बनाया गया था। पड़ोसी के रस्सी खोलने के बाद हर गतिविधियों पर ओमप्रकाश नजर रखता रहा।

फर्जी नम्बर प्लेट बनवाई

सीताराम ने प्रेम उर्फ लाला, रवि सोनी, महेश मीणा और विजय मीणा को डकैती में शामिल किया। सीताराम ने अपने साथियों के साथ मिलकर डकैती डालकर फरार होने के सभी रास्तों की रेकी की। 2 सितम्बर को बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई। प्लानिंग के तहत शनिवार सुबह डकैती डालने के बाद बदमाश बाइक से सीताराम के घर चले गए।

छह हिस्सों में लूट की रकम बांटी

एडिशनल डीसीपी राम सिंह ने बताया बदमाशों ने डकैती की रकम को छह बराबर हिस्सों में बांट लिया था। प्रत्येक के हिस्से में 2.30 लाख रूपए आए थे। ऊपर के बचे रुपए को सीताराम ने अपना खर्चा बताकर रख लिया। ओमप्रकाश का हिस्सा भी सीताराम ने अपने पास रख लिया। गैंग के लोग पहले भी दो बार इसी गोदाम पर वारदात का प्रयास कर चुके थे, लेकिन विफल हो गए।

प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हो सकेगा कार्य

राजभवन में मंगलवार को राज्यपाल कलराज मिश्र की मौजूदगी में राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों और आई.एम.टी. गाजियाबाद के मध्य सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र की उपस्थिति में मंगलवार को राजभवन में आई.एम.टी. गाजियाबाद एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के मध्य खेल संस्कृति के विकास के संबंध में एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत स्थानीय और पारम्परिक खेलों को पुनर्जीवित करने के साथ ही उच्च शिक्षण संस्थाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने पर कार्य होगा।

राज्यपाल ने इस अवसर पर उम्मीद जताई कि एमओयू से आई.एम.टी. गाजियाबाद के स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर की मदद से हमारे विश्वविद्यालयों द्वारा राजस्थान में स्थानीय और पारम्परिक खेलों को पुनर्जीवित करने और खेलों के विकास का बेहतर वातावरण बन सकेगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का खेलों से जुड़ाव जन जागरुकता के माध्यम से ही हो सकता है। आई.एम.टी. गाजियाबाद और हमारे विश्वविद्यालयों का इस संबंध में संयुक्त प्रयास लोगों में खेल के प्रति जागरुकता पैदा कर उन्हें पारम्परिक खेलों के साथ आधुनिक खेलों से जोड़कर राजस्थान को खेलों में अग्रणी कर सकेगा।

इस अवसर पर आई.एम.टी. गाजियाबाद के स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर के हैड डॉ. कनिष्क पाण्डेय ने बताया कि एमओयू के तहत प्रदेश के उदयपुर, भीलवाड़ा, डूँगरपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, सिरोही, बाँसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों में पारम्परिक खेलों के विकास के साथ ही यहां पर खेलों से जुड़ी अन्य संभावनाओं पर कार्य करते हुए स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का कार्य किया जा सकेगा।

एमओयू के दौरान राज्यपाल के प्रमुख सविच श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल, गोविन्द गुरू जनजातीय एवं मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आई.वी. त्रिवेदी, आई.एम.टी. गाजियाबाद के डायरेक्टर डॉ. विशाल तलवार, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान सरपंच संघ का आंदोलन हुआ खत्म

जयपुर, (का.प्र.)। पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर राजस्थान सरपंच संघ और ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से चल रहा आंदोलन खत्म हो गया है। सरपंच और ग्राम विकास अधिकारियों की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग मंत्री रमेश चंद मीना के साथ बैठक में मांगो को लेकर सहमति बनी। इसके बाद राजस्थान सरपंच संघ के अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल और ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने आंदोलन खत्म करने की घोषणा की है। आंदोलन समाप्ति के बाद सरपंचों और ग्राम विकास अधिकारियों ने मंत्री मीना का माला पहनाकर स्वागत किया गया और मंत्री धन्यवाद दिया। सरपंचों और ग्राम विकास अधिकारियों ने कहा सरकार के साथ सभी मांगों पर सहमति बन गयी है। इसके बाद बुधवार से सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी काम पर लौटेंगे। इस दौरान मंत्री मीना ने कहा कि सरपंच और ग्राम विकास अधिकारियों की सरकार की ओर से सभी मांगे पर सहमति बन गयी है।

25 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के तबादले

जयपुर। राज्य सरकार ने मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के 25 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिन में कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

इसके बाद शाम को आरपीएस के तबादले कर दिए गए। आदेश के अनुसार सुरेश जैफ को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करौली, हिम्मत सिंह को कांमा भरतपुर, हिमांशु शर्मा को सवाईमाधोपुर, सतनाम सिंह को श्रीगंगानगर, अर्जुन सिंह शेखावत को चित्तौड़गढ़, अखिलेश शर्मा को फलौदी, प्रकाश चंद को गंगापुर सिटी, सुरेश खींची को अलवर ठामीण, भवानी सिंह राठौड़ को टोंक, नितेश आर्य को पोकरण, सिद्धान्त शर्मा को हिण्डौन, महमूद खां को जयपुर रेंज, पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी को डिप्टी कमाण्डेंट, 8 वीं बटालियन आरएसी दिल्ली, लगाया गया हैं। राजेश मील को सीआईडी विशेष शाखा मुख्यालय तृतीय जयपुर, मनोज चौधरी को एसओजी जयपुर, भोपाल सिंह लखावत को सीआईडी सीबी रेंज सैल कोटा, श्रीमनलाल मीणा को महिला अपराध अनुसंधान सैल टोंक, जयपाल सिंह को एसओजी, मुख्यालय नई दिल्ली, नरेन्द्र चौधरी को महिला अपराध अनुसंधान जालौर, नारायण लाल शर्मा को महिला अपराध अनुसंधान सैल पूर्व जयपुर, हर्ष रतनू को महिला अपराध अनुसंधान सैल सीकर, रामकल्याण मीणा को कोटा शहर, कृष्ण चंद यादव को महिला अपराध अनुसंधान सैल सवाईमाधोपुर, राकेश कुमार राजौर को लीव रिजर्व आयुक्तालय जयपुर और कैलाश सिंह सांदू को जैसलमेर लगाया गया हैं।

पीडब्ल्यूसी की बैठक में सोलह करोड़ रूपये स्वीकृत किये

जयपुर, (कासं)। जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए (जयपुर विकास प्राधिकरण) के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 16 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये। बैठक में जोन-13

- **जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित**

क्षेत्राधिकार में नांगल पुरोहितान आईटी सेंटर से प्रेम नगर बुरथल तक सड़क नवीनीकरण हेतु 2.39 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

सोडाला एलिवेटेड रोड के सौंदर्यीकरण हेतु फसाड लाईटिंग कार्य हेतु 2.25 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन-01 में नगर निगम क्षेत्राधिकार स्थित 60 फीट सडक नवीनीकरण हेतु 5.88 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

बैठक में जोन-पीआरएन दक्षिण क्षेत्र में सेक्टर रोड पर पाईप लाईन बिछाने के लिए पीएचईडी द्वारा किये गये रोड कट की मरम्मत हेतु 3.06 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन-पीआरएन दक्षिण क्षेत्र की आंतरिक सडकों पर पाईप लाईन बिछाने के लिए पीएचईडी द्वारा किये गये रोड कट की मरम्मत हेतु 2.16 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित की गई।

'डॉ.अर्चना शर्मा सुसाइड मामले में कांग्रेस ने भाजपा नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र किया'

भाजपा मांग करती है कि कांग्रेस सरकार में जरा सी भी संवेदनशीलता है तो इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराए : रामलाल शर्मा

जयपुर। भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र में आशा बैरवा की प्रसव के दौरान मृत्यु पर निजी अस्पताल के डॉ. को दोषी मानते हुए डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ एक एफ.आई.आर. दर्ज होने के बाद दूसरे दिन डॉ. अर्चना शर्मा ने आत्महत्या की। लेकिन उसके बाद राजनीति के स्तर के ऊपर अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए

- **'सुसाइड नोट की राजस्थान के बाहर की फॉरेंसिक एजेंसी से जांच कराए राज्य सरकार'**

सरकार के द्वारा जो कृत्य किए गए, उसकी भारतीय जनता पार्टी निंदा करती है। सरकार के दबाव में पुलिस ने जिन्हें मुलजिम बनाया, वह मृतका को न्याय दिलाने की मांग कर रहे है।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर लालसोट के डॉ. अर्चना शर्मा सुसाइड मामले में रामलाल शर्मा एवं प्रदेश मंत्री व पूर्व संसदीय सचिव जितेन्द्र गोठवाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार के द्वारा सुसाइड नोट पर फॉरेंसिक रिपोर्ट आई है, उसमें मृतका के हस्ताक्षर मैच नहीं होते हैं, केवल एक ही अक्षर हो रहा है। जांच की निष्पक्षता पर शुरू से ही सवालिया निशान भाजपा लगाती रही है। जो निर्दोष लोग हैं उनके ऊपर राज्य सरकार कार्यवाही कर रही है, एफआईआर में जितेन्द्र गोठवाल का नाम नहीं, न ही सुसाइड नोट में शामिल है, सरकार ने निष्पक्षता के साथ जांच नहीं की गई। शर्मा ने बताया कि यदि फॉरेंसिक जांच दिल्ली या हैदराबाद से होकर आए तो मृतका को न्याय मिलेगा, जितेंद्र गोठवाल ने उस समय भी इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर के सामने भी अपना परिवाद दिया कि हमें सरकार की लैब पर विश्वास नहीं है, इसकी जांच हैदराबाद से कराई जाए या दिल्ली से कराई जाए।शर्मा ने कहा कि भाजपा मांग करती है की सरकार में जरा सी भी संवेदनशीलता है तो सरकार इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराएं, सरकार इसकी जांच राजस्थान की लैब से करवाने के बजाय, हैदराबाद की या दिल्ली की लैब से जांच करें, इसे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और विधायक रामलाल शर्मा और प्रदेश मंत्री जितेन्द्र गोठवाल मंगलवार को प्रेस से रूबरू हुए।

जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि, अर्चना सुसाइड मामले के अंदर सरकार द्वारा भाजपा के लोगों को इंवॉल्व करने का षड्यंत्र रचा गया, जिससे कि उस क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहा था, कांग्रेस की राष्ट्रीय महामंत्री प्रियंका गांधी को 922 रुपये खर्च करके मैंने रेल की टिकट उनको भेजी थी, इस तरह की हरकतों पर रोक लगे और उन्होंने पूरी मनगढ़ंत कहानी जो बनाकर एफआईआर दर्ज की। जिस समय अर्चना जहां पर सुसाइड करती है वहां पर घर से 1 किलोमीटर बाद में पुलिस को सूचना दी जाती है, और हमने उसी समय कहा कि यह डॉक्टर की हैंडराइटिंग नहीं है, मैंने यहां के गृह सचिव को एफएसएल रिपोर्ट के लिए पहले से ही निवेदन किया था कि मुझे राजस्थान की सरकारी लैब पर विश्वास नहीं है, मुझे लगता है कि सरकार उसको मैनेज करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि सरकार इस केस में अपनी की गई गलतियों को दबाने के लिए यह सारा षड्यंत्र रच रही है। गोठवाल ने बताया कि 302 की एफआईआर पुलिस ने की, जो डॉक्टरों के खिलाफ होती ही नहीं है, पुलिस ने सारी सूचनाएं मिलने के बाद भी सुसाइड माना, यह इस बात को अंकित करता है इस केस के और भी कई सारे तथ्य हैं, जो पुलिस के सामने आना आवश्यक है। पुलिस को, एसएचओ को, सस्पेंड करने के बाद भी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होती है, जबकि परसादी लाल मीणा ने मीडिया के समक्ष कहा कि पुलिस अगर 302 में मामला दर्ज नहीं करती तो यह हादसा नहीं होता। उसके बाद भी इस केस का इन्वेस्टिगेशन अधिकारी पब्लिकली बोलते हैं कि जो सरकार मुझे कहेगी मैं वैसा ही करूंगा। सरकार ने जयपुर ग्रामीण रेंज के आईजी को एक इन्वेस्टिगेशन टीम में गठित किया और केस के अंदर उन्होंने भाजपा के लोगों को फंसाया।

फीस जमा नहीं कराने पर बच्चों को लाइब्रेरी में बंद किया

जयपुर, (कासं)। जयपुर के सुबोध पब्लिक स्कूल में फीस जमा नहीं कराने पर स्टूडेंट्स को लाइब्रेरी में बंद करने का मामला सामने आया है। मंगलवार को 40 से ज्यादा स्टूडेंट्स को 4 घंटे तक स्कूल की लाइब्रेरी में रखा गया। जैसे ही इसकी जानकारी पेरेंट्स को मिली वह स्कूल पहुंचे। विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने स्टूडेंट्स को लाइब्रेरी से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबोध पब्लिक स्कूल के क्लास 8 से 12 के स्टूडेंट्स को फर्स्ट पीरियड खत्म होने के बाद लाइब्रेरी में बुलाया गया था। इसके बाद 40 स्टूडेंट को बेसमेंट की लाइब्रेरी में ही 8 पीरियड तक लगभग 4 घंटे (सुबह 10 से 2 बजे) तक रखा। पेरेंट्स का आरोप है कि इस दौरान स्टूडेंट्स को न तो बाहर वॉशरूम के लिए जाने दिया गया और न ही उन्हें खाना खाने की परमिशन दी गई। इसके बाद वहां मौजूद कुछ स्टूडेंट्स ने अपने पेरेंट्स को मोबाइल से इसकी जानकारी दी। बाद पुलिस के साथ पेरेंट्स स्कूल पहुंचे और बच्चों को लाइब्रेरी से बाहर निकाला।

अभिभावक एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस जमा नहीं कराने वाले स्टूडेंट्स को पिछले कुछ वक्त से मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं आज उन्हें लाइब्रेरी में कैद कर लिया गया। जो पूरी तरह गलत है ऐसे में शिक्षा विभाग को स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया। तो मजबूरन अभिभावकों को सड़क पर उतर विरोध करना पड़ेगा।

वहीं सुबोध पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने बताया कि पेरेंट्स द्वारा झूठे आरोप लगाकर स्कूल प्रबंधन पर दबाव बनाया जा रहा है। हमारे स्कूल में किसी भी स्टूडेंट्स को फीस जमा नहीं कराने की वजह से बंद नहीं किया गया है। जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसे भी गलत तरीके से शूट कर वायरल किया जा रहा है। जो पूरी तरह गलत है। पैरंट्स ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन की ओर से फीस जमा नहीं होने की वजह से बच्चों को परेशान किया जा रहा है। बीते 2 सालों की फीस दी गई है। बस पिछले 6 महीनों की फीस ही बकाया है। उन्होंने कहा कि फीस को लेकर लम्बे समय से परेशान किया जा रहा है। अभी तक बच्चों को रिजल्ट भी नहीं दिया गया। ऐसे में अब हम स्कूल के खिलाफ शिक्षा विभाग में शिकायत करेंगे।

अभिभावक एकता आंदोलन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि मंगलवार को जयपुर के सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग सर्किल में अध्ययनरत कक्षा 8 से 10 तक के करीब 200 से अधिक उन विद्यार्थियों को लाइब्रेरी सहित अन्य दो तीन कमरों में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक इस मानसिक दबाव से रखा गया कि उनके अभिभावकों ने फीस जमा नहीं कराई है, बच्चों को स्पष्ट कहा गया कि जब तक फीस जमा नहीं होगी तब तक नियमित कक्षा में नहीं बैठने देंगे।

आंदोलन से जुड़े अभिभावक एकता आंदोलन के सदस्य नवीन शर्मा जो कि सुबोध स्कूल के अभिभावक हैं को एक विद्यार्थी द्वारा सूचित करने पर पुलिस को लेकर स्कूल पहुंचे विजयवर्गीय ने कहा कि एक तरफ सरकार बच्चों को शिक्षा के अधिकार के बारे में अपनी योजनाओं एवं प्रयासों के आंकड़े जारी कर अपने आप को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का हितेषी सिद्ध करने का प्रयास करती रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर फीस के मामलों में अनेक निजी स्कूलों द्वारा कभी अभिभावकों को तो कभी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार के मामले सार्वजनिक उजागर होने पर भी ऐसे स्कूलों पर कार्यवाही ना किया जाना सरकार की नीति और नियत पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। हमने यह मामला पुलिस प्रशासन के साथ-साथ शिक्षा मंत्री, बाल संरक्षण आयोग तक पहुंचा कार्यवाही की मांग की है।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आठ सितंबर को अजमेर आएंगी

सुरक्षा व्यवस्था के रहेंगे कड़े इंतजाम, जियारत के दौरान दरगाह होगी खालीः आईजी सिंह

अजमेर, (कासं)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के 8 सितंबर के प्रस्तावित अजमेर दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजामों को लेकर मंगलवार को अजमेर रेंज आईजी रूपिंदर सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

अजमेर में उनकी सुरक्षा के लिए 6 आईपीएस, 12 एएसपी, पुलिस अधिकारी सहित डेढ़ हजार से अधिक पुलिस के जवानों को लगाया जाएगा। सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह जियारत के दौरान दरगाह परिसर को परी तरह खाली कराया जाएगा।

अजमेर रेंज आईजी रूपेन्द्र सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को बताया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 8 सितंबर को अजमेर यात्रा पर आ रही हैं, उनके साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी दरगाह में हाजिरी देकर जियारत करेगा।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते आईजी रूपेन्द्र सिंह।

पीएम हसीना अजमेर पहुंचने पर सबसे पहले सर्किट हाउस पहुंचेंगी और विश्राम करने के बाद प्रतिनिधिमंडल के साथ दरगाह जियारत के लिए जाएंगी और दरगाह जियारत के बाद पुन सर्किट हाउस पहुंचेंगी, जहां विश्राम करने के बाद अजमेर से जयपुर के लिए रवाना होंगी। आईजी सिंह ने कहा कि पीएम हसीना की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं किसी तरह की कोई चूक न हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, साथ ही पुलिस मुख्यालय से भी अतिरिक्त पुलिसकर्मियों का जाप्ता मांगा गया है, जिसमें आरएसी की टुकड़ी सहित अन्य जिलों से आने वाला पुलिस जाप्ता भी शामिल है।

■ **डेढ़ हजार पुलिस कर्मी होंगे सुरक्षा में तैनात**

दरगाह परिसर होगा खालीः- आईजी सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर दरगाह परिसर को पूरी तरह खाली कराया जाएगा, जियारत के समय कोई परेशानी न हो, साथी मुख्य मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे, मार्ग पर हथियारबंद जवानों को लगाया जाएगा। पीएम हसीना के काफिले के गुजरने के दौरान मार्ग पर निकलने वाली सभी गलियों को भी बंद कर यातायात को डाइवर्ट किया जाएगा। दरगाह के आसपास की ऊंची इमारतों पर हथियारबंद सुरक्षाकर्मी दूरबीन के साथ तैनात रहेंगे जो आसपास के क्षेत्र में पूरी निगरानी रखेंगे।

आईजी सिंह ने बताया कि शेख हसीना की दरगाह जियारत के समय फव्वारा सर्किल से लेकर देहली गेट होते हुए दरगाह बाजार तक की सभी दुकानों व मकानों को कुछ देर के लिए बंद रखा जाएगा। किसी भवन, मकान, दुकान, होटल व गेस्ट हाउस की बालकनी पर भी लोगों के खड़े रहने पर पाबंदी रहेगी। सिर्फ जिला प्रशासन की ओर से जारी पासधारियों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी।

सड़क हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत

डंपर ने कार को मारी टक्कर, बच्चे का एक दिन पहले था बर्थ-डे

डूंगरपुर, (निसं)। तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से आज सुबह मां-बेटे समेत तीन की मौत हो गई। तीनों लोग कार में सवार थे। टक्कर के बाद तालाब में गिर गई। जिसके बाद आस.पास के लोग उन्हे निकालकर हॉस्पीटल लेकर गए, लेकिन तब तक तीनों दम तोड चुके थे। जानकारी के अनुसार मृतक बच्चे ने सोमवार को ही अपना बर्थ.डे मनाया था।

हादसा बांसवाडा के लोहारिया थाना क्षेत्र के पालोदा में सुबह 8 बजे हुआ। जानकारी अनुसार अमृतिया के रहने वाले मिनी बैंक व्यवस्थापक हरवीर सिंह चुंडावत पुत्र तेज सिंह कार से आसपुर से बांसवाडा जा रहे थे। इस दौरान उनके साथ उनके दोस्त की बेटी कृष्णा कुंवर और उसका बेटा पीटर भी था। रास्ते में पालोदा तालाब के पास तेज स्पीड में आ रहे डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। जहां बैलेंस बिगडने पर कार तालाब में जा गिरी। चीखने-चिल्लाने और तेज आवाज के बाद मौके से गुजर रहे लोग दौडे।

तीनों को कार से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सागवाडा लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। बच्चे का एक दिन पहले था बर्थ.डे हादसे का शिकार हुए 8 साल के पीटर का सोमवार को ही बर्थ.डे था। दूसरे दिन ही उसकी मौत हो गई। उसके पिता गजराज सिंह कुवैत में नौकरी करते है। जबकि बहन गढ ानाथ जी में मामा के पास रहती है। वहीं मृतक हरवीर का एक बेटा युद्धवीर सिंह और एक बेटी सुमन है। युद्धवीर जयपुर में रहकर रीट की तैयारी कर रहा है। जबकि बेटी सुमन प्राईवेट बीए प्रथम वर्ष में पढ ाई कर रही है। हरवीर के पिता रिटायर थानेदार हैं।

बूंदी जिला कलेक्टर ने मानव सेवार्थ किया रक्तदान

गर्भवती महिला के लिए रक्तदान करते जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी।

बूंदी, (निस)। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचकर मानव सेवार्थ रक्तदान कर आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

मानव सेवार्थ किए गए जिला कलक्टर के रक्तदान से 9 माह की परित्यकता गर्भवती अंजलि का जीवन सुरक्षित हो सका।मंगलवार को नैनवां तहसील के बाक्या गांव निवासी ओमप्रकाश मीणा ने जिला कलक्टर से मिलकर बताया कि उसकी परित्यकता पुत्री गर्भवती है और कभी भी प्रसव हो सकता है। चिकित्सक ने चार यूनिट ब्लड की आवश्कता बताई है। बड़ी मुश्किल से वह एक यूनिट ब्लड का इंतजाम कर पाया और अब ब्लड की व्यवस्था करने में असमर्थ है।

इस पर जिला कलक्टर ने मानवीय संवेदना जताते हुए स्वयं ही रक्तदान करने का निर्णय लिया। इसके बाद जिला कलक्टर ने अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। अपनी गर्भवती पुत्री के लिए जिला कलक्टर द्वारा किए गए रक्तदान के लिए ओमप्रकाश मीणा ने जिला कलक्टर को हृदय से आभार जताया और उनके मानव सेवा के जज्बे को खूब सराहा।

'रक्तदान के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि रक्तदान कर उन्हें बड़ी खुशी मिल रही है कि उनका रक्त किसी के काम आया और वह जरुरतमंद के लिए सहायक बने। उन्होंने कहा कि रक्त को बनाया नहीं जा सकता है। रक्त मानव से लेकर ही मरीज को चढ ाया जाता है। इसलिए हर किसी को रक्तदान करना जरुरी है। जरुरतमंदों की मदद करने से आत्मसंतुष्टि भी मिलती है। नियमित रुप से रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है और बीमारियां भी दूर रहती है। हर व्यक्ति को एक वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान करना चाहिए जिससे की मानव सेवार्थ की मदद के साथ ही अपने शरीर को भी स्वस्थ्य रखा जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।'

ब्यावर में चल रहे लम्पी रेस्क्यू सेंटर

ब्यावर, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी राहुल जैन के मार्गदर्शन में शहर में पशुपालन विभाग , नगर परिषद , वंदे गौ मातरम ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठन, भामाशाह के माध्यम से लम्पी रोग ग्रस्त गौवंशों का आइसोलेशन एवं उपचार किया जा रहा है।

उपखण्ड अधिकारी के मार्गदर्शन में शहर में लम्पी ग्रस्त गौवंशों को इलाज समय पर मिल रहा है। शलभ टंडन कोऑर्डिनेटर एलएसडी ने बताया कि लंपी ग्रस्त गायों को चिन्हित करने के उपरांत नगर परिषद द्वारा गठित टीमों द्वारा शहर के अलग-अलग दिशाओं में रेस्क्यू सेंटर्स पर आइसोलेट एवं उपचार हेतु भेजा जा रहा है। आइसोलेशन सेंटर पर पशुपालन विभाग द्वारा प्रस्तावित दवाइयों एवं आयुर्वेदिक लड्डू के माध्यम से सभी लंपी ग्रस्त गौवंशों का सफलतापूर्वक उपचार चल रहा है। रेस्क्यू सेंटर सेंदड़ा रोड, अजमेर रोड एवं विजय नगर रोड कांजी हाउस में सभी आवश्यक सुविधाएं दवाइयां एवं मृत गोवंशों का प्रोटोकॉल के अनुसार निस्तारण की व्यवस्थाएं की गई हैं।

सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया

पायलट के जयपुर निवास पर जन्मदिन मनाया गया।

करौली, (निसं.)। राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और टोंक विधायक सचिन पायलट का 45 वां जन्मदिन उनके जयपुर निवास सिविल लाइन पर धूमधाम से मनाया।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल महासचिव और पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती मीना के नेतृत्व मे टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र से 50 गाडियों का काफिला जयपुर पहुंचा और सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। आरती मीना के साथ आये कार्यकर्ताओं ने मेडिया काडावत खटाना के साथ गोठ गायन कर खुशियां जाहिर की। कांग्रेस महासचिव आरती मीना ने बताया की आज बुधवार 7 सितम्बर को सचिन पायलेट के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र मे सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

आज से टेबल टेनिस चैम्पिनशिप आरम्भ

चूरू, (कासं)। तृतीय राजस्थान राज्य रेंकिग टेबल टेनिस चौम्पिनशिप प्रतियागिता खेलो इंडिया सेन्टर, जिला स्टेडियम, चूरू में 7 सितम्बर से प्रारम्भ हो रही है। इसमें राजस्थान के बालक एवं बालिकाओं की संख्या 300 से अधिक होगी व 50 तकनिकी अधिकारियों के सानिध्य में आयोजित होगी। जिला टेबल टेनिस संघए चूरू सचिव ध्रुव पूनिया के अनुसार विभिन्न जिलो के खिलाडी एवं तकनिकी अधिकारीए चूरू पहुच चुके है। 07 सितम्बर को अडर 11 एवं अडर 13 बालक बालिकाओं के मुकाबले आयोजित होगे। सायं 7.00 बजे इन विजेता खिलाडियों को जिला टेबल टेनिस संघ के ओर से सुरेश् पुनिया एवं समाज सेवी यशपाल रण्णवा के द्वरा पुरस्कार वितरित किये जाऐगे। 08 सितम्बर को अण्डर 16 एवं 17 बालक एवं बालिकाओं के मुकाबले आरम्भ होगे खिलाडियों की सुविधाओं को मध्यनजर रखते हुऐ खाने की व्यवस्था जिला स्टेडियम में ही की गई है। प्रतियोगिता 07 से 11 सितम्बर 2022 तक चलेगी।

केन्द्रीय मंत्री प्रधान को पीड़ितों ने दिया ज्ञापन

कोटा, (निसं)। केन्द्रीय शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का रास्ता रोक कर आदर्श क्रेडिट को आपरेटिव पीड़ित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर 21 लाख लोगों का 18 हजार करोड़ रूपया वापस लौटाने की मांग केंद्र सरकार से की।

तलवंडी से केन्द्रीय मंत्री के गुजरने के रास्ते में भाजपा के दुपट्टा पहना कर ढ ोल बजा कर हमारा धन वापस लौटाओ, हम हमारा हक मांगते नहीं, नहीं किसी से भीख मांगते आदि नारे लगते हुए आदर्श पीड़ितों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि कोटा समेत् देश भर के 21 लाख निवेशकों ने 807 शाखाओं के माध्यम से अपने जीवन की खरी कमाई सरकार से प्रमाणित सोसायटी में जमा कराई। सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के चलते आदर्श क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के संचालकों को 3 साल से गिरफ्तार कर रखा है लेकिन उससे पीड़ितों का धन वापस नहीं मिल रहा। प्रधानमंत्री व केन्द्रीय सहकारिता मंत्री को हजारों ज्ञापनों के माध्यम से मांग उठाई गई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकाल सकी केंद्र सरकार। सोसायटी के चार हजार कर्मचारी तथा 4 लाख कार्यकर्त्ता बेरोजगार हो गए। इसी बीच पंजाब राज्य के स्टेट कंज्यूमर कमीशन चंडीगढ़ के प्रेसीडेंट जस्टिस ने एक बिल्डर को पुलिस हिरासत में खते हुए भुगतान करने के आदेश जारी किए। उसी आधार पर आदर्श संचालकों से भुगतान कराया जाए। राज्य में भी कोटा समेत कई उपभोक्ता अदालतों ने भुगतान के आदेश दे रखे है। उनकी पालना सुनिश्चित कराई जाए और पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान की जाए। तभी आपका कोटा आना सार्थक माना जाएगा। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष हरीश शर्मा, सचिव सीएम वर्मा, ओपी श्रीवास्तव, बहादुर सिंह हाड़ा, मोहन मुरारी सोनी, एमबी शांडिल्य, उषा देवी, हेमारात आदि कई महिला सदस्याऐं भी मौजूद रही। स्थानीय पार्षद सुदर्शन गौतम आदि भाजपा सदस्यों ने भी मांग का समर्थन किया।

आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव के पीड़ितों ने अपना पैसा लौटाने की मांग को लेकर मंत्री प्रधान को ज्ञापन दिया।

राजनैतिक द्वेषता से नहीं दिए पेयजल कनेक्शन

हनुमानगढ़, (निसं)। बावरियोंवाली ढाणी चक सात जेआरके के वाशिंदों ने राजनीतिक द्वेषता के चलते ढाणी में पेयजल कनेक्शन नहीं देने का आरोप लगाया है। वाशिंदों ने मंगलवार को अम्बेडकर जन जागृति मंच के बैनर तले कलक्ट्रेट में एकत्रित होकर सरपंच के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बावरियोंवाली ढ ाणी डबलीबास मिड्ढा रोही के चक 7 जेआरके, 8 जेआरके व 9 जेआरके में पानी की पाइप लाइन बिछाई जा रही है। चक 7 जेआरके में करीब 7-8 परिवार वर्तमान में निवास कर रहे हैं, जो करीब 40 सालों से खेत में ढ ाणी बनाकर रह रहे हैं। इन परिवारों को राजनीतिक द्वेषता के चलते बेवजह पेयजल कनेक्शन से वंचित किया जा रहा है, जबकि उनकी ढ ाणी के समीप ही 7 जेआरके में भी पानी की पाइप से कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन ढाणी में बने 7-8 घरों को छोड़ दिया गया है।

ग्रामीणों ने पेयजल कनेक्शन नहीं दिए जाने के संबंध में सरपंच से बात की तो सरपंच ने कहा कि उन्होंने वोट नहीं दिए, इसलिए वे उनकी ढ ाणी में पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन नहीं करवाएंगे। पीएचईडी के जेईएन ने भी ढ ाणी में पानी कनेक्शन करने से मना कर दिया और कहा कि उनकी ढाणी उनके क्षेत्राधिकार में नहीं आती है। ग्रामीणों ने सरपंच और जेईएन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चक के वाशिंदों को पेयजल का कनेक्शन दिलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

सुखाड़िया विवि. के छात्रों पर पुलिस ने भांजी लाठियां

उदयपुर, (का.सं.)। छात्र संगठन एबीवीपी और एनएसयूआई के नेतृत्व मंगलवार को सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के बाहर अपनी विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने प्रशसनिक भवन में जबरन घुसने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने हल्का बाल प्रयोग कर छात्रों को खदेडा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में घोषित स्नातक स्तरीय परीक्षा परिणामो से छात्र संतुष्ट नही है।बताया जा रहा है की इन परीक्षाओ में 50 प्रतिशत छात्रों को अनुतीर्ण किया गया है। इतनी संख्या में फैल होना छात्रों के गले नही उतर रहा है। प्रमुख तौर परीक्षा परिणाम को संशोधित करने के साथ अन्य कई और मांगो को लेकर छात्रों ने आज एबीवीपी और एनएसयूआई के नेतृत्व में सुखाड़िया विवि के प्रशासनिक भवन का बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ छात्र भी आपस में उलझ गये। छात्रों ने कुलपति को बाहर आकर छात्रों की समस्या सुनने की मांग मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। माहौल गर्माता देख कर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस बुलवा ली। पुलिस को देख कर छात्र और अधिक भड़क गए और पुलिस की मौजूदगी में जबरन प्रशासनिक भवन में घुसने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने लाठिया भांजते हुए छात्रों को परिसर से खदेड़ा। इस दौरान कुछ छात्रों को मामूली चोंटे भी आई। पुलिस ने शांति भंग के आरोप में छात्र नेता रौनकराज सिंह और अविनाश कुमावत सहित सात छात्रों को हिरासत में लिया है।

■ **दो छात्र नेता समेत 7 छात्र हिरासत में लिए गए**

इधर मामले को लेकर कॉमर्स कॉलेज की अध्यक्ष मूमल चुण्डावत का कहना है किग छात्र इस प्रकार का आन्दोलन करते रहे है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इसके लिए पुलिस को बुलाना और फिर पुलिस द्वारा छात्रों पर बल प्रयोग करना सर्वथा अनुचित है। चुण्डावत ने प्रशासन के इस कृत्य की सरकार से शिकायत करने की बात भी कही। इधर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सी.आर.देवासी का कहना है कि छात्र परिणाम से असंतुष्ट है तो उसकी एक निश्चित प्रक्रिया है। इसके लिए एक कमेटी गठित की जायेगी जो परिणाम संशोधन के निर्णय पर विचार विमर्श करेगी।

गृहमंत्री की रैली और रोलपा की भजन संध्या को लेकर रावण का चबूतरा मैदान पर विवाद

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में रावण का चबूतरा मैदान पर आयोजन को लेकर आज नया विवाद खड़ा हो गया है। मंगलवार को मामला नगर निगम तक पहुंच गया। यहां गृहमंत्री अमित शाह की रैली और रोलपा की भजन संध्या को लेकर भाजपा और रालोपा में विवाद हो गया है।

मंगलवार सुबह 10:30 बजे दोनों पक्षों को बैठक भी बुलाई गई। लेकिन, सहमति नहीं बनी । दरअसल, 10 सितंबर को रावण के चबूतरा पर केन्द्रित गृहमंत्री अमित शाह की सभा है। भाजपा रविवार को ही भूमि पूजन कर तैयारियां शुरु कर चुकी है। लेकिन, इससे पहले यहां 7 तारीख को गणपति महोत्सव पर भजन संध्या है। जिसमें रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल मुख्य अतिथि है। इधर, जब भजन संध्या के लिए आयोजन समिति व्यवस्था करने पहुंची तो पहले से भाजपा के लोग काबिज थे। ऐसे में रार बढ़ गई और पुलिस बुलानी पड़ी। इस विवाद में महापौर खुद पहुंच गई। केंद्रीय गृह मंत्री शाह के आने तथा बड़े स्तर पर बूथ सम्मेलन होने से विवाद होने पर भाजपा नेताओं में हड़कंप की स्थिति दिखी।

■ **10 सितंबर को गृहमंत्री की रैली और 7 तारीख को रोलपा की भजन संध्या का कार्यक्रम है**

निगम की ओर से किसी भी पार्टी को आयोजन के लिए तीन दिन के लिए स्थल निशुल्क देने का नियम है। जबकि, 10 तारीख के कार्यक्रम के लिए भाजपा 4 तारीख से रावण का चबूतरा स्थल पर तैयारियां कर रही है। रावण के चबूतरे का एक दिन का किराया 75 हजार रुपए है। भाजपा के लिए यह स्थल 8,9 और 10 तारीख के लिए दिया गया है।

इधर 7 को गणपति महोत्सव की भजन संध्या होनी है। गणपति महोत्सव समिति की ओर से भजन संध्या 7 को होगी और इसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होंगे। विशाल भजन संध्या पूरी तरह से रालोपा का ही कार्यक्रम है। आयोजन समिति मैदान खाली करने पर अड़ी है।

भाजपा का कहना है जो डोम लगाया है उसका उपयोग कर सकते हैं । उसके साथ ही मैदान में आधा हिस्सा खाली है, उसका उपयोग कर सकते हैं। नगर निगम ने दोनों पक्षों के बातचीत पर सहमति बातचीत करके हल निकालने की बात कही और यदि हल नहीं निकलता है तो निगम दोनों को हिस्से बांट देगी।

अध्यापक की बाइक से 80 हजार रु. पार

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के जहाजपुर थाना इलाके में एक प्रधानाध्यापक की बाइक पर 80 हजार रुपये की नकदी व दस्तावेज से भरा बैग अज्ञात उड़ा ले गया। बता दें कि इस दौरान प्रधानाचार्य बाइक घूमा रहे थे, पत्नी भी उनके साथ थी, लेकिन वारदात की भनक हाथों-हाथ नहीं लगकर बैंक से बस स्टैंड पहुंचने पर लगी । वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं।

संतोष नगर जहाजपुर निवासी व दलपुरा स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात नंदकिशोर पुत्र ओमप्रकाश पत्रिया मंगलवार दोपहर बैंक कार्य से पत्नी के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा गये थे। बैंक कार्य निबटा कर दोनों पति-पत्नी बाहर निकले। अध्यापक ने ने बाहर खड़ी बाइक पर 80 हजार रुपये, स्वयं, पत्नी और बेटी के दस्तावेज रखा बैग टांग दिया। पत्रिया बाइक को पैदल ही घुमाने लगे, तभी दो बदमाश यह बैग ले उड़े। इसकी भनक हाथों-हाथ पत्रिया व उनकी पत्नी को नहीं लग पायी। पत्रिया को यह राशि बस स्टैंड पर जगदीश मंत्री को देनी थी। बैंक से बाइक पर बैठकर पति-पत्नी बस स्टैंड पर मंत्री के पास पहुंचे, जहां उन्हें पता चला।

एक ही रात में तीन दुकानों के शटर तोड़े

कस्बे की सब्जी मंडी के पीछे हुई चोरी की वारदात

बयाना, (निस)। कस्बे की सब्जी मंडी के पीछे स्थित मार्केट में बीती रात्रि को चोरों ने धावा बोलकर तीन दुकानों के शटर तोड़कर उनमें रखी लाखों की नगदी व कुछ सामान को पार कर दिया। वारदात का पता सुबह लगने पर बाजार में लोगों की भीड जमा हो गई और इन वारदातों को लेकर रोष जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी हुई।

वारदात की सूचना पर कोतवाली प्रभारी हरिनाराण मीणा पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष पवन गोयल ने जानकारी दी कि पीड़ित व्यवसाई राजू गुप्ता ने बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान में रखी करीब पौने दो लाख की नगदी को, सुनील अग्रवाल की दुकान में रखी करीब 25 हजार की नगदी व सुनील नत्थी की दुकान में रखी करीब 30 हजार की नगदी को पार कर ले गए है।

तीनों दुकानें परचून की व आस-पास है। जिनकी शटर तोडने का तरीका भी बिलकुल एक जैसा था। चोरों की यह करतूत एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। जिन्होंने रात्रि 12 से 1 बजे के बीच में वारदात को अंजाम दिया है। जिसके बाद किराना कारोबारियों ने कस्बे में नारेबाजी व जुलूस प्रदर्शन कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन कर रहे किराना कारोबारी युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ऋषि बंसल व्यापार संघ अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे और कोतवाली में भी जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। जो पुलिस अधिकारियों की समझाइश पर माने। व्यापारियों ने चोरी की वारदात का शीघ्र खुलासा ना होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

थाना परिसर में धरना देते किराना व्यापारी।

"याद रखें कि खेलों में आप कुछ मुकाबले जीतते हैं और कुछ हारते हैं। आइए क्रिकेट या किसी अन्य खेल को व्यक्तिगत हमलों से मुक्त रखें। अर्शदीप कड़ी मेहनत जारी रखें।"

- सचिन तेंदूलकर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अर्शदीप के मामले पर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **केन विलियमसन**

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि कई टी20 आने से विश्व भर में क्रिकेट का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है तथा फ्रेंचाइजी क्रिकेट और राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। विलियमसन का यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि दुनियाभर के क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वजह टी20 लीग में खेलना चाहते हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा," यह मुश्किल स्थिति है क्योंकि सब कुछ बदल रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे सब कुछ बहुत तेजी से हो रहा है।"

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैण्ड़ व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका ने भारत को मात दी

एशिया कप के फाइनल में पहुंचने के लिये भारत दूसरी टीमों पर निर्भर

दुबई, 06 सितंबर। श्रीलंका ने पथुम निसंका (52) और कुसल मेंडिस (57) के अर्द्धशतकों के बाद दसुन शनाका (33 नाबाद) भनुका राजपक्षे (25 नाबाद) की बहुमूल्य पारियों की बदौलत भारत को एशिया कप 2022 के सुपर-4 मैच में मंगलवार को छह विकेट से मात दी।

भारत ने श्रीलंका को 20 ओवर में 174 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने 19.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। श्रीलंका को आखिरी ओवर में सात रनों की दरकार थी। अर्शदीप सिंह ने बेहतरीन प्रयास करते हुए पहली चार गेंदों पर सिर्फ पांच रन दिये, लेकिन पांचवीं गेंद पर ओवरथ्रो के कारण श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने दो रन भागकर जीत हासिल की। सुपर-4 के अपने पहले दोनों मुकाबले हारने के बाद रोहित शर्मा की टीम अब एशिया कप के फाइनल में पहुंचने के लिये दूसरी टीमों पर निर्भर है। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 रन पर दो विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद रोहित ने कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों पर पांच चौके और चार छक्के जड़कर 72 रन बनाये। रोहित ने सूर्यकुमार यादव (34) के साथ तीसरे विकेट के लिये 97 रन जोड़े, हालांकि इसके अलावा भारत की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई।

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	गेंद	4	6
राहुल पगबाधा बो तीक्षणा	6			
रोहित का निसांका बो करूणारत्ने	72			
कोहली बो मधुशंका	0			
सूर्यकुमार का तीक्षणा बो शनाका	34			
पंड्या का निसांका बो शनाका	17			
पंत का निसांका बो मधुशंका	17			
हुड्डा बो मधुशंका	3			
अश्विन नाबाद	15			
भुवनेश्वर बो करूणारत्ने	0			
अर्शदीप सिंह नाबाद	1			

अतिरिक्त : 8

कुल योग : 20 ओवर में 8 विकेट पर 173 रन

विकेट पतन : 1-11, 2-13, 3-110, 4-119, 5-149, 6-157, 7-158, 8-164

गेंदबाजी : मधुशंका 4-0-24-3, तीक्षणा 4-0-29-1, करूणारत्ने 4-0-27-2, फर्नांडो 2-0-28-0, डिसिल्वा 4-0-39-0, शनाका 2-0-26-2

श्रीलंका	रन	गेंद	4	6
पाथम कॉ रोहित बो चहल	52	37	4	2
मेडिंस पगबाधा बो चहल	57	37	4	3
असलंका कॉ सूर्यकुमार बो चहल	0	3	0	0
धनुष्का कॉ राहुल बो अश्विन	1	7	0	0
राजपक्षा नाबाद	25	17	0	2
शनाका नाबाद	33	18	4	1

अतिरिक्त : 6

कुल योग : 19.5 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन

विकेट पतन : 1-97, 2-97, 3-110, 4-110

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-30-0, अर्शदीप 3.5-0-40-0, पंड्या 4-0-35-0, चहल 4-0-34-3, अश्विन 4-0-32-1

ग्रीन, कैरी के अर्द्धशतक से जीती ऑस्ट्रेलिया

केर्न्स, 06 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन (89 नाबाद) और एलेक्स कैरी (85) की संकटमोचक पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड को पहले एकदिवसीय मैच में मंगलवार को दो विकेट से मात दी।

न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 233 रन का लक्ष्य दिया था, जिसका पीछा करते हुए आधी कंगारू टीम 44 रन पर पवेलियन लौट गयी थी।

टीम के ऊपरी और मध्य क्रम के असफल होने के बाद कैरी और ग्रीन ने छठे विकेट के लिये 158 रन की विशाल साझेदारी की। कैरी ने 99 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की बदौलत 85 रन बनाए जबकि ग्रीन ने 92 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्का लगाकर 89 रन की नाबाद पारी खेली।

40वें ओवर में कैरी के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया थोड़ी लड़खड़ाई और ग्लेन मैक्सवेल (02) के साथ मिचेल स्टार्क (01) भी जल्द पवेलियन लौट गए, लेकिन ग्रीन ने एडम जैम्पा के साथ 26 रन की साझेदारी कर कंगारुओं को रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से जीत दिलायी।

इससे पहले, न्यूजीलैंड ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए।

कीवी टीम की ओर से डेवोन कौन्वे ने 46 (68), कप्तान केन विलियमसन ने 45(71) और टॉम लैथम ने 43(57) रन बनाए। इसके अलावा डेरिल मिचेल ने 33 गेंदों पर 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने एक भी कीवी बल्लेबाज को 50 का आंकड़ा नहीं छूने दिया।

ग्लेन मैक्सवेल ने 10 ओवर में 52 रन देकर चार विकेट झटकाए, जबकि जॉश हेजलवुड ने 10 ओवर में सिर्फ 31 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा मिचेल स्टार्क और एडम जैम्पा को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड गुरुवार, आठ सितंबर को दूसरे एकदिवसीय मैच में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

टियाफो ने नडाल को मात देकर यूएस ओपन से बाहर किया

न्यूयॉर्क, 06 सितंबर। अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने बड़े उलटफेर में 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और दूसरी सीड राफेल नडाल को मात देकर यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। टियाफो ने चौथे दौर में सोमवार को चार बार के यूएस ओपन चैंपियन नडाल को 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 से मात दी। 24 वर्षीय टियाफो ने तीन घंटे 31 मिनट चले मैच में तीसरी बार किसी शीर्ष-5 रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराया। जीत के बाद भावुक हुए टियाफो ने कहा, "मैं खुश हूं, और भावुक भी। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। मैंने आज अविश्वसनीय टेनिस खेला। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हुआ।" टियाफो ने इससे पहले नडाल के खिलाफ दो मैच खेले थे जहां वह एक भी सेट नहीं जीत सके थे। इस बार अमेरिकी खिलाड़ी ने 49 विजेता शॉट लगाये और पासा पलटते हुए नडाल से ऑस्ट्रेलियन ओपन 2019 की क्वार्टरफाइनल हार का बदला लिया। टियाफो ने कहा, "जब मैं पहली बार अंतरराष्ट्रीय टेनिस में आया तो मुझे लगा जैसे बहुत से लोगों को मुझसे बहुत उम्मीदें थीं। मैं मानसिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं था। पिछले कुछ वर्षों में मैं तनाव से उभरा जिससे मुझे बेहतर बनने में मदद मिली।

द. अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

जोहांसबर्ग, 06 सितंबर। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए मंगलवार को प्रोटियाज टीम की घोषणा की, जिसमें कप्तान टेम्बाए बावुमा की वापसी हुई है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जून में हुई टी20 शृंखला के दौरान बावुमा की कोहनी में चोट आई थी जिसके बाद वह टीम से बाहर हो गए थे। सीएसए ने बताया कि बावूमा अब पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं और लगातार दूसरे टी20 विश्व कप में अपनी टीम की अगुवाई करेंगे।

विस्फोटक बल्लेबाज रैसी वैन डेर डुसेन को इंग्लैंड में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान लगी उंगली की चोट से न उभर पाने के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है। 33 वर्षीय डुसेन की सर्जरी होने की आशंका है, जो उन्हें कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रखेगी।

इंग्लैंड दौरे के लिए छह साल बाद टी20 टीम में जगह बनाने वाले राइली रूसो ने भी 15 सदस्यीय दल में जगह बनाई है। यह टीम विश्वकप से पहले तीन मैचों की टी20 शृंखला के लिए सितंबर में भारत दौरा भी करेगी।

सीएसए चयनकर्ताओं के संयोजक विक्टर म्पित्सांग ने टीम चयन के बाद कहा, यह चयन करने के लिए वास्तव में एक कठिन टीम रही है, सिर्फ इसलिए कि पिछले कुछ महीनों से हमारे बहुत सारे खिलाड़ी उत्कृष्ट फॉर्म में थे और एक स्तर पर प्रदर्शन कर रहे थे जिसने चयनकर्ताओं को उन पर विचार करने के लिए मजबूर किया।

टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, हेनरिक क्लासेन, रीजा हेंड्रिक्स, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्त्जे, वेन पार्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कगिसो रबाडा, राइली रूसो, तबरेज़ शम्सी .

अतिरिक्त खिलाड़ी: ब्योर्न फोर्टुइन, मार्को जेन्सन और एंडिले फेहलुकवेओ।

सुदेवा और रेंजर्स की जीत

नयी दिल्ली, 06 सितंबर। डूरंड कप खेल कर लौटी दिल्ली की दो मंजी हुई टीमों के बीच मंगलवार को नेहरू स्टेडियम में खेले गए संघर्षपूर्ण मुकाबले में सुदेवा दिल्ली एफसी ने वायुसेना एफसी को अंकुर सिंह के आत्मघाती गोल की मदद से हरा दिया।

भले ही सुदेवा को 1-0 की जीत के बाद पूरे अंक मिले लेकिन वायु सेना की हार में सुदेवा के गोलकीपर आशीष सीबी ने बड़ी भूमिका निभाई। वायुसेना ने पिछड़ने के बाद बार-बार सुदेवा की रक्षापंक्ति को भेदा लेकिन हर बार गोली आशीष मुस्तैद नजर आये।

उन्होंने प्रभजोत, विवेक और मनदीप के हर प्रयास को विफल किया। आशीष ने कम से कम आधा दर्जन मौकों पर सुंदर बचाव कर वाह वाह लूटी जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच आंका गया।

रैना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कहा

नयी दिल्ली, 06 सितंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने मंगलवार को सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा करते हुए अपने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट करियर के समापन पर मुहर लगायी।

रैना ने ट्विटर पर कहा, अपने देश और राज्य उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिये सम्मानजनक रहा है। मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा करता हूं। मैं बीसीसीआई, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन, चेन्नई सुपर किंग्स, श्री राजीव शुक्ला और अपने सभी प्रशंसकों को उनके समर्थन और मेरी क्षमताओं में विश्वास के लिये धन्यवाद देता हूं।

रैना के सन्यास के ऐलान के बाद उनकी आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने ट्वीट कर उन्हें विदाई दी है। चेन्नई ने ट्वीट कर लिखा कि अंबुदेन की सड़कें आपको भुला नहीं सकती। आप हमारे लिए बहुत ज्यादा मायने रखते हैं।

उल्लेखनीय है कि रैना ने 15 अगस्त 2020 को पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने के बाद स्वंय भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

रैना ने अपने 17 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में 18 टेस्ट, 226 एकदिवसीय मैच और 78 टी20 अंतराष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने अपने एकदिवसीय करियर में 5615 रन बनाये जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 1605 रन जोड़े।

रैना टी20 विश्व कप 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सैकड़ा जड़कर इस प्रारूप में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे। वह काफी लंबे समय तक तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले एकलौते भारतीय बल्लेबाज बने रहे, और आज भी वह टी20 विश्व कप में 100 रन का आंकड़ा छूने वाले एकलौते भारतीय बल्लेबाज हैं।

लंबे समय तक भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ रहे रैना ने विश्व कप 2011 की जीत में भी अहम योगदान दिया था। रैना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में 28 गेंदों पर 34 रन बनाते हुए युवराज सिंह के साथ 74 रन की साझेदारी की और भारत को जीत दिलायी थी। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये रैना टीम के आखिरी प्रमुख बल्लेबाज थे। ऐसे में उन्होंने युवराज के साथ बहुमूल्य रन जोड़कर टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाया था।

रैना ने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में भी संकटमोचक की भूमिका निभाई थी। कप्तान धोनी (25) के आउट होने के बाद टीम के 205 रन पर छह विकेट गिर चुके थे। रैना ने यहां 39 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली और पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ रन जोड़ते हुए टीम को 260 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रैना का योगदान बहुमूल्य साबित हुआ और भारत ने पाकिस्तान को 39 रन से हराकर फाइनल में कदम रखा।

मिस्टर आईपीएल के नाम से प्रख्यात रैना ने आईपीएल में 205 मैच खेलकर 32.52 की औसत से 5528 रन बनाये। रैना अपने आईपीएल करियर के एक बड़े हिस्से के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रमुख खिलाड़ी रहे। वह आज भी 11 सीज़न में 4687 रन बनाकर सीएसके के सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। फ्रेंचाइज़ी ने हालांकि उन्हें 2022 की नीलामी से पहले रिलीज़ कर दिया, जहां वह किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे गये। उत्तर प्रदेश के लिये 2002-2003 में अपने घरेलू करियर की शुरुआत करने वाले रैना ने 109 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 6871 रन बनाये और 41 विकेट लिये। मध्य प्रदेश के खिलाफ 2005 में अपने लिस्ट-ए करियर की शुरुआत करने के बाद उन्होंने 302 मैचों में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

पायस-यशस्वी की जोड़ी ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

नयी दिल्ली, 06 सितंबर। पायस जैन और यशस्विनी घोरपड़े की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने मंगलवार को चीन के हान ज़िनयुआन और किन युक्सुआन को 3-2 से हराकर एशियाई जूनियर और कडेट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने फाइनल में अपने चीनी प्रतिद्वंदियों को 11-9, 11-1, 10-12, 7-11, 11-8 से हराया। यह एशियाई चैंपियनशिप में भारत का पहला जूनियर स्वर्ण पदक है। टॉप सीड भारतीय जोड़ी ने मैच में अच्छी शुरुआत करते हुए 2-0 की बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ज़िनयुआन-युक्सुआन ने मैच में वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम किये। निर्णायक गेम में पायस और यशस्विनी ने संतुलित शॉट खेलते हुए विपक्षी टीम को लाजवाब कर दिया।

इसके अलावा भारत ने अंडर-19 महिला, अंडर-19 पुरुष युगल और अंडर-19 पुरुष टीम इवेंट में भी कांस्य पदक हासिल किये। शीर्ष वरीयता प्राप्त यशस्विनी ने अंडर-19 महिला एकल में क्वार्टरफाइनल तक अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन सेमीफाइनल में चीन की चेन यी से 13-11, 11-9, 11-4, 11-3 के सीधे गेमों में हार गईं और कांस्य पदक से संतोष किया। मिश्रित युगल में यशस्विनी के साथी पायस ने अंडर-19 पुरुष युगल में दिल्ली के साथी यशांश मलिक के साथ जोड़ी बनायी लेकिन यहां वह सोना नहीं जीत सके। पायस और यशांश की भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में युता इइमुरा और युही सकाई की जापानी जोड़ी के खिलाफ 11-8, 11-7, 12-14, 11-6 से हारने के बाद कांसे का तमगा अपने नाम किया। इसी बीच, भारत की अंडर-19 पुरुष टीम को भी जापान के हाथों हार मिली। जापान के लिमुरा, सकाई और कोटारो तकाहाशी ने भारतीय टीम को 3-2 से मात दी, जिसके बाद भारतीय टीम ने कांस्य पदक से संतोष किया।

राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता पैरा खिलाड़ी डोपिंग के घेरे में, नमूने में मोरफिन मिला

नयी दिल्ली, 06 सितंबर। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले एक भारतीय पैरा खिलाड़ी पर डोपिंग का साया मंडरा रहा है चूंकि उनके मूत्र के नमूने में वाडा द्वारा प्रतिबंधित मोरफिन के अंश पाये गए हैं। भारतीय पैरालम्पिक समिति ने कहा कि राष्ट्रमंडल आयोजकों ने इसे डोप उल्लंघन नहीं करा है क्योंकि अंतिम फैसला अभी आया नहीं है । पीसीआई के एक अधिकारी ने बताया ," हम इसे डोप उल्लंघन नहीं कह सकते क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल आयोजकों ने नहीं कहा है । जांच चल रही है । उन्होंने कुछ सवाल पूछे और हमने जवाब दे दिये । देखते हैं कि क्या फैसला आता है ।"

अनिकेत चौधरी, अनिरुध सिंह व रोहन राजभर सम्मानित



जयपुर, 06 सितम्बर। राजस्थान ब्लूज क्रिकेट क्लब की ओर से हर वर्ष की भांति राजस्थान कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान सरकार में मंत्री रहे मथुरा दास माथुर स्मृति ने उनके जन्म दिवस के अवसर पर एक सादे समारोह में 29वें मथुरा दास माथुर अवार्डस समारोह सम्पपन हुआ। समारोह में राजस्थान के लिए सत्र 2021-22 में उत्कृष प्रर्दशन करने पर सीनियर वर्ग में अनिकेत चौधरी, जूनियर वर्ग में अनिरुध सिंह व सब जूनियर वर्ग में रोहन राजभर को अवार्डस से सम्मानित किया गया।

अवार्डस के तहत सीनियर वर्ग में रु. 15000 (पन्द्रह हजार) तथा जूनियर व सब जूनियर वर्ग में क्रमश: साढ़े सात हजार नकद व सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस स्मृति चिन्ह व किट बैग प्रदान किये गये। उल्लेखनीय है कि सीनियर वर्ग में अनिकेत चौधरी यह अवार्ड पाने वाले तीसरे खिलाड़ी है जिन्होने यह अवार्ड दूसरी बार प्राप्त किया है इससे पहले पंकज सिंह, अशोक मेनरिया भी इस अवार्ड को दो बार प्राप्त कर चुके है।

अवार्ड्स समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. महेश जोशी (जलदाय मंत्री, राजस्थान सकरार), विशिष्ट अतिथि कैलाश शर्मा (महन्त श्री गणेश मन्दिर मोती डूँगरी) व अध्यक्ष विनोद माथुर के द्वारा प्रदान किये गये।

समारोह के अन्त में राजस्थान ब्लूज क्रिकेट क्लब की ओर से विनोद माथुर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान सब जूनियर टीम ने स्वर्ण जीता

जयपुर, 06 सितम्बर। 18वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कोर्फ बॉल प्रतियोगिता जो 1 से 05 सितम्बर तक महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश में राजस्थान की सब जूनियर टीम के कप्तान हार्दिक सैनी के नेतृत्व में टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 38 साल में पहली बार गोल्ड मैडल जीता। सब जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में 16 राज्यों की टीमों ने भाग लिया, राजस्थान टीम ने कर्नाटक को (9-0), देहली को (5-2) से, सेमिफाईनल में हिमाचल प्रदेश को (7-4) से व फाईनल में महाराष्ट्र को (6-2) से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

विजेता सब जूनियर टीम के नाम निम्न प्रकार है- बालक: सर्व श्री हार्दिक सैनी (कप्तान), यॉस घायल (जयपुर), ऋषिराज सिंह (नागौर), चेतन कुमार व धीरज कुमार (झुन्झुनूं), करण सिंह राठौड़ (अजमेर) व अमन पठान (बॉरा)।

बालिका: कु0 कुमकुम (नागौर), अलविना (बॉरा), खुश्बू (पाली), कृष्णा (जोधपुर), रिद्यम गुप्ता व खनक गुप्ता (जयपुर)।

राजस्थान की सीनियर टीम से रजत सैनी का चयन नवम्बर में थाईलैंड में होने वाली ऐशियन चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

घुटने की सर्जरी सफल, जल्द रिहैब शुरू करूंगा : जडेजा

नयी दिल्ली, 06 सितंबर। भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के चोटग्रस्त दाहिने घुटने की सर्जरी हुई है और वह जल्द ही रिहैब शुरू करेंगे। जडेजा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जडेजा को घुटने की पुरानी चोट के कारण एशिया कप बीच में ही छोड़ना पड़ा जिसके बाद हरफनमौला अक्षर पटेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया था। जडेजा ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी सर्जरी की जानकारी देते हुए कहा, सर्जरी सफल रही। बड़ी संख्या में लोगों का मुझे समर्थन और सहभागिता मिली, इसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं- बीसीसीआई, मेरे टीम के साथी, सपोर्ट स्टाफ, फिज़ियो, डॉक्टर और प्रशंसक। मैं जल्द ही अपना रिहैब शुरू करूंगा और जल्द से जल्द क्रिकेट की ओर लौटने की कोशिश करूंगा। घुटने की चोट के कारण जडेजा जुलाई में वेस्ट इंडीज दौरे पर गयी टीम में शामिल नहीं हो सके थे।

अमेरिकन वैस्ट क्लाइमेंट चेंज से बहुत अधिक प्रभावित है। यहां के बिगड़ते इकोसिस्टम को पुनः बहाल करने के लिए शोधकर्ताओं की एक टीम ने सुझाव दिया है कि जंगल में भेड़ियों और ऊदबिलाव (बीवर्स) को बसाया जाए। उनका कहना है कि, ये जीव मूलभूत इकोलॉजिकल प्रक्रिया को पुनः बहाल करने में मदद करेंगे। शोध के सहलेखक, ओरेगॉन स्टेट युनिवर्सिटी में कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री के स्कॉलर, क्रिस्टोफर वुल्फ ने कहा, ''हम लोग अमेरिकन वैस्ट के संकटों, जैसे भारी सूखा और हीटवेव, जंगल की आग, जैवविविधता में कमी, पानी की कमी, आदि को लेकर बहुत चिंतित थे हमने महसूस किया कि, जंगल में भेड़ियों और ऊदबिलाव को बसाकर किसी हद तक इन समस्याओं को संबोधित किया जा सकता है, जिसके कई फायदे हो सकते हैं। बीस वैज्ञानिकों की इस टीम ने अपने शोध पत्र में फैडरल रिज़र्व एरिया का नैटवर्क स्थापित करने का सुझाव दिया। उनका प्रस्ताव है कि कुछ फैडरल भूभागों में मवेशियों की चराई रोककर वहाँ ग्रे वुल्फ तथा नॉर्थ अमेरिकन बीवर की आबादी को बसाया जाना चाहिए। क्रिस्ट्रोफर वुल्फ कहते हैं कि, छोटे-छोटे बांध बनाने की प्रक्रिया में बीवर्स की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, जैसे पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाना, नदी तट को सुधारना, जिससे नदी तट हरे-भरे रहें। इनमें ना केवल विभिन्न प्रजातियों को सुरक्षित आवास मिल सकता है बल्कि इससे कार्बन उत्सर्जन कम करके अन्ततोगत्वा जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इसी प्रकार ग्रे वुल्फ के भी कई लाभ हैं, वे स्थानीय, खुरवाले स्तनपायी जीवों की आबादी को नियंत्रित कर सकते हैं।

'गहलोत राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश में पायलट मुख्यमंत्री बन जाएं तो हमें अगले चुनाव में कोई नहीं हरा सकता'

मुख्यमंत्री के गृह जिले जोधपुर में एस.सी. आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी बैरवा ने कहा

- **इधर जयपुर में पायलट समर्थक विधायक-बोले- पोस्टर-होर्डिंग हटाए जा सकते हैं, लेकिन दिल में बस चुके पायलट को कैसे हटाएंगे।**
- **वेद सोलंकी बोले- सचिन पायलट की लोकप्रियता से विरोधी घबराए, पोस्टर-होर्डिंग हटाने के आदेश 3 सितंबर को ही जारी कर दिये थे।**

जयपुर, 6 सितम्बर (का.प्र.)। सचिन पायलट के जन्मदिन के मौके पर एक ओर जहां उनके समर्थकों की भीड़ उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने के नारे लगा रही थी तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में एक बार फिर यह मांग उठी कि अशोक गहलोत पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व संभाले और सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जाए। वहीं पायलट के पोस्टरों को हटाने को लेकर भी सियासत तेज हो गई है। पायलट समर्थक विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने इशारों-इशारों में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ''सचिन पायलट के पोस्टर-होर्डिंग तो हटाए जा सकते हैं, लेकिन जिनके दिलों में पालयट बस चुके हैं, उन्हें कैसे हटाऐंगे।''

मुख्यमंत्री के गृह जिले जोधपुर में राजस्थान एससी आयोग के अध्यक्ष और विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा ने एक बार फिर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व पद ग्रहण करने की सलाह देते हुए कहा कि आलाकमान यह चाहता है। अलग-अलग क्षेत्रों से उनके नाम की सहमति भी आ रही है। ऐसे में उनको राष्ट्रीय नेतृत्व करना चाहिए। बैरवा ने कहा कि ''गहलोत राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश में पायलट जैसा मुख्यमंत्री बन जाए तो हमें अगले चुनाव में कोई नहीं हरा सकता।''

उन्होंने कहा कि गहलोत पुराने, सर्वमान्य नेता हैं। च ाण ने भी कहा है कि गहलोत से कोई आपत्ति नहीं है। इसका मतलब अंदर कुछ न कुछ चल रहा है। अब प्रमोशन हो रहा है। हमारे पुराने लीडर को वहां जाना चाहिए। हालांकि, उनको ही तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट उपमुख्यमंत्री रहे हैं, यूथ लीडर हैं। उनके साथ जनभावना है, लेकिन फैसला आलाकमान को करना है।

दूसरी ओर वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि ''आज जिस तरह से समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा है, वह आलाकमान के लिए भी मैसेज है कि राजस्थान की जनता, महिलाएं और खासतौर से राजस्थान का युवा, किसे अपना नेतृत्वकर्ता बनाना चाहते हैं। बिना किसी खर्चे के, बिना किसी गाड़ी-घोड़े के, यह लाखों की संख्या में लोगों का जनसैलाब है, जो यह बता रहा है कि अब वक्त आ गया है कि आलाकमान नेतृत्व परिवर्तन पर विचार करे।''

सोलंकी ने कहा कि सचिन पायलट की लोकप्रियता से विरोधी इतने घबरा गए हैं कि सिविल लाइन क्षेत्र में पोस्टर-होर्डिंग हटाने के आदेश 3 सितंबर को ही जारी कर दिए गए। यह दर्शाता है कि विरोधियों में किस कदर घबराहट है। उन्होंने कहा कि प्रसाशनिक स्तर पर लिखित में आदेश बिना किसी इशारे के नहीं होते हैं।पोस्टर-होर्डिंग तो हटा सकते हैं, लेकिन जिनके दिलों में पायलट बस चुके हैं, उन्हें कैसे हटाएंगे। सोलंकी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि आलाकमान देखे कि किसी व्यक्ति के पास बिना पद के ये जनसैलाब साथ है तो पद होने पर क्या हो सकता है। सोलंकी ने कहा कि वैसे आलाकमान सब देख रहा है।

सरकारी नोटिस के बावजूद बन गई चार मंजिला अवैध इमारत

कार्रवाई के बजाय उपायुक्त ने चुप्पी साधी

- **जगतपुरा में हाउसिंग बोर्ड के डिजाइन टाइप को तोड़कर बनाई गई अवैध बिल्डिंग, सड़क पर बालकनी निकाल किया कब्जा।**
- **ग्रेटर निगम की जगतपुरा ज़ोन उपायुक्त ममता नागर ने 29 अगस्त को नोटिस थमाकर अवैध निर्माण हटाने को कहा था, भूखंड मालिक धड़ल्ले से निर्माण कार्य पूरा करने में जुटा।**

- कार्यालय संवाददाता -

जयपुर, 6 सितम्बर। राजधानी जयपुर में नगर निगम के अफसरों की शह से धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहे हैं। भूखंड पर निर्माण की अधिकृत स्वीकृति मिले बिना ही निर्माण हो रहे हैं फिर भी निर्माण जारी है और भवन निर्माण संबंधी नियमों की खुली अवहेलना हो रही है, यहां तक कि सैटबैक भी नहीं छोड़ा जा रहा है। मिलीभगत का आलम कुछ ऐसा है कि अधिकारी भूखंड मालिक को सिर्फ नोटिस थमा कर अवैध निर्माण हटाने की चेतावनी तो दे देते हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधकर बैठ जाते हैं।

ऐसा ही एक वाकया ग्रेटर निगम के जगतपुरा जोन में सामने आया है। प्रताप नगर में कॉर्नर भूखंड 174/33 पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा बना कर दिए गए ''टाइप डिजाइन'' की अनदेखी कर भूखंड मालिक ने ज़ीरो सेटबैक देकर बेसमेंट समेत चार मंजिला इमारत खड़ी कर ली। यहां तक कि सरकारी सड़क पर भी बालकनी निकालकर आरसीसी डाल दी। जाएगा।

जोन उपायुक्त ममता नागर ने गत 29 अगस्त को भूखंड मालिक झाबरमल चौधरी को नोटिस थमाया और तुरंत अवैध निर्माण हटाने के लिए कहा। इस नोटिस के जरिए भूखंड मालिक से निर्माण की स्वीकृति और स्वामित्व दस्तावेज 3 दिन में मांगे थे। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि अगर निर्माण स्वीकृति व अन्य दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो एक तरफा कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को हटा दिया

करीब सप्ताह भर पहले जारी इस नोटिस के बाद जगतपुरा जोन के अधिकारी जैसे यहां कार्रवाई करना ही भूल गए और यहां निर्माण कार्य जारी रही।

खुद उपायुक्त ममता नागर ने स्वीकार किया कि जैसे ही उन्हें इस अवैध निर्माण की शिकायत मिली तो उन्होंने तुरंत भूखंड मालिक को नोटिस जारी करवा दिया था, लेकिन अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इस बारे में वह कोई जवाब नहीं दे पाई।

अम्बेडकर लॉ युनिवर्सिटी के वी.सी. की नियुक्ति को कोर्ट में चुनौती

- **अम्बेडकर लॉ युनिवर्सिटी के वर्तमान वी.सी. विधि स्नातक भी नहीं हैं और राज्य सरकार द्वारा पारित 2019 के कानून में एक गैर विधि स्नातक भी लॉ युनिवर्सिटी का वी.सी. हो सकता है।**
- **याचिकाकर्ता का कहना है कि जबकि केन्द्र में ऐसा कोई कानून नहीं है, जिससे एक गैर विधि स्नातक को लॉ विश्वविद्यालय का वी.सी. नियुक्त किया जा सकता है, केवल राज्य के कानून में यह असाधारण प्रावधान है।**

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 6 सितंबर। राजस्थान हाई कोर्ट में भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय के प्रथम वी.सी. की नियुक्ति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत में लम्बी बहस के बाद कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने बुधवार को भी सुनवाई जारी रखने के आदेश दिये हैं।

इस मामले में याचिकाकर्ता प्रोफेसर के.बी. अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता सुनील समदड़िया पेश हुए थे। इस मामले में राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय के चांसलर, वाइस चांसलर और प्रिंसिपल तथा बार काउन्सिल ऑफ इंडिया, राजस्थान बार काउन्सिल और यू.जी.सी. को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया है कि भीमराव अम्बेडकर लॉ युनिवर्सिटी, जयपुर एक्ट 2019, में राज्य सरकार ने कॉलेज के चांसलर को ऐसे वी.सी. को नियुक्त करने का अधिकार दिया है जो जरूरी नहीं है कि विधि स्नातक हो। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया है कि केन्द्र सरकार की संस्था यू.जी.सी. के कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसके तहत लॉ युनिवर्सिटी का वी.सी. कोई ऐसा व्यक्ति हो सकता है जो विधि स्नातक न हो। याचिका में कहा गया है कि अम्बेडकर लॉ युनिवर्सिटी के वर्तमान वी.सी. विधि स्नातक न होने के कारण, वी.सी. पद के लिए उपयुक्त नहीं है।

वहीं राज्य सरकार की ओर से महाअधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी जनहित याचिका में गलत तरीके से नियुक्ति प्राप्त वी.सी. या किसी अन्य पद के अधिकारी को चुनौती दे सकता है, पर कानून को जनहित याचिका में चुनौती नहीं दे सकता।

वही यू.जी.सी. की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा ने भी यही कहा कि याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका की आड़ में कानून को चुनौती दी है, जो गलत है। उन्होंने आगे कहा कि कानून की वैधता का प्रश्न नहीं है क्योंकि कानून के मुताबिक ही वी.सी. को चयनित किया गया है।

जिस पर कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव के नेतृत्व में खण्डपीठ ने कहा कि केन्द्र सरकार के यू.जी.सी. कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि एक गैर विधि स्नातक किसी लॉ युनिवर्सिटी का वी.सी. हो सकता है। अदालत ने आगे कहा कि राज्य सरकार का कानून भी केन्द्र सरकार के कानून की तर्ज पर ही बना है परन्तु इसमें कुछ अन्य प्रावधान हैं। अदालत ने कहा कि वह इस मामले को गंभीर मानती है और कल भी इस पर सुनवाई जारी रहेगी।

केन्द्रीय ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनका संकेत इस तरफ था कि दो शीर्ष अरबपतियों- गौतम अडानी तथा मुकेश अंबानी की सुरक्षा के लिये सी.आई.एस.एफ. की तैनाती की गई है। यह अलग बात है कि अपनी सुरक्षा पर होने वाला खर्च वे स्वयं ही वहन करते हैं। अभी हाल ही में, 1 सितम्बर से सी.आई.एस.एफ. को यहाँ केशव कुंज में बन रहे आर.एस.एस. मुख्यालय तथा उदासीन आश्रम, जहाँ आर.एस.एस. अपना काम-काज करती है, की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

'सहकार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व केन्द्र शासित प्रदेशों कोऑपरेटिव सोसायटीज़ के प्रतिनिधि होंगे।

नई नीति ''सहकार से समृद्धि'' तक की सोच पर आधारित होगी। यह नया प्रारूप देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करेगा। सहकारिता पर आधारित आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएगा।

पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट सुरेश प्रभू की भारत के सहकारी आंदोलन में गहरी रूचि ही है वे पूर्व में सारस्वत सहकारी बैंक के चेयरमैन तथा नैशनल कोऑपरेटिव यूनियन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे हैं।

दिल्ली में प्र.मंत्री शेख हसीना का विरोध

नई दिल्ली, 6 सितंबर (वार्ता)। बंगलादेश में हिन्दुओं एवं बौद्धों पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों एवं जनसंहार से क्षुब्ध हिन्दू संघर्ष समिति, प्रवासी बंगियो समाज एवं ऑल इंडिया रिफ्यूजी फ्रंट ने बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख़ हसीना के भारत दौरे के विरोध में मंगलवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने 'शेख़ हसीना शर्म करो', 'अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद करो' के नारे भी लगाये।

नीतीश की सद्भावना...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बात चर्चा का रूप ले चुकी है कि कुमार के पक्ष में अभी तक ऐसी कोई ठोस चीज नहीं है जो उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या भाजपा के राष्ट्रीय विकल्प के रूप में प्रस्तुत या प्रदर्शित कर रही हो। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों की जबरदस्त जीत के प्रथम प्रवाह एवं जुनून में, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी स्वयं को विपक्षी एकता अभियान में उतार दिया था तथा उन्होंने मुम्बई और दिल्ली की यात्राएं करके, शरद पवार सहित, विपक्ष के दिग्गज नेताओं के साथ मीटिंग की थी। पिछले महीनों में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव भी पूरे देश में घूमे हैं तथा वे यह घोषणा भी कर चुके हैं कि उनका इरादा राष्ट्रीय राजनीति में कूदने का है।

विपक्षी एकता के प्रयासों के सफल न होने के दो कारण हैं। एक, विपक्षी खेमा इस बात को लेकर दुविधा में है कि कांग्रेस को साथ लिया जाये या नहीं। दूसरा, विपक्षी दल गैर-भाजपा विपक्षी खेमे में किसी ''भारतीय मॉडल'' का ढाँचा सृजित करने या प्रस्तुत करने में असफल रहे हैं।

नीतीश कुमार राजनैतिक रूप से कमजोर हो चुके तथा दोषपूर्ण भले ही दिखाई दें, लेकिन विपक्षी खेमे में एकजुटता लाने वाले अन्य लोगों की अपेक्षा वे कुछ बेहतर स्थिति में जरूर हैं। चूँकि वे भाजपा के साथ, वे करीब डेढ़ दशक कार्य कर चुके हैं तथा उसे नजदीकी से देख चुके हैं, इसलिये वे भाजपा-रणनीतिकारों की सोच को बेहतर समझते हैं तथा संभवत: उसकी काट करने वाली प्रभावी रणनीति के बारे में सोच सकते हैं। यह बात हिन्दी-भाषी क्षेत्रों के बारे में खासतौर से कही जा सकती है। ममता या के.सी.आर. की तुलना में, एक समन्वयक के रूप में कुमार की स्वीकार्यता की ज्यादा संभावना है, विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में ऐसी संभावना भले ही नहीं हो। येचुरी के साथ हुई मीटिंग के बाद, कुमार ने इस बात को दोहराया कि वे प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती देने वाले नेता की भूमिका में आने की न तो आकांक्षा रखते हैं और न वे इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। लेकिन जे.डी.यू. कार्यकर्ता जो पोस्टर एवं बैनर लगा रहे हैं, उनमें कुमार को 2024 में दिल्ली के सिंहासन का मुख्य चुनौती देने वाले नेता के रूप में प्रस्तुत एवं घोषित किया जा रहा है।

कोटपूतली नगर परिषद से जवाब तलब

- **हाई कोर्ट में याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें कहा है कि नगर परिषद ने कई मकान व दुकान बिना नोटिस दिये, बिना मुआवजा दिये और बिना आपत्ति सुने ही तोड़ दिए थे।**
- **याचिकाकर्ता का कहना है कि, नगर परिषद के अधिकारियों ने हाई कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए तोड़-फोड़ की कार्यवाही को अंजाम दिया था।**

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 6 सितंबर। राजस्थान हाई कोर्ट में कोटपूतली नगर परिषद द्वारा सरदार विद्यालय रोड को चौड़ा करने की आड़ में लोगों के घर व दुकान बिना नोटिस और मुआवजा दिये तोड़ने के संबंध में कल कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित खण्डपीठ के समक्ष सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता गोविन्द नारायण शर्मा ने इस मामले में याचिका दायर की थी और अदालत को कहा था कि, कोटपूतली नगर परिषद ने उनका व अन्य कई नागरिकों का घर व दुकान बिना नोटिस दिये, कानूनी प्रक्रिया के अनुसार भूमि अवाप्त करे बिना ही तोड़-फोड़ करने की कार्यवाही की थी।

याचिकाकर्ता का कहना है कि नगर परिषद ने हाई कोर्ट के 25 फरवरी को दिये गये आदेश का उल्लंघन किया है, जिसके तहत नगर परिषद के पुराने नोटिस रद्द कर दिये गये थे और साथ ही नगर परिषद को आदेश दिये थे कि वह एक माह में सभी भू-मालिकों और दुकानदारों की आपत्ति सुनकर ही आगे की कार्यवाही की कानूनी प्रक्रिया के अनुसार करे। गत माह की 27 तारीख को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने नगर परिषद के अधिकारियों से जवाब तलब किया, जिसकी सुनवाई बुधवार को है।

चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की ओर से एडवोकेट प्रशान्त भूषण ने पी.आई.एल. के पक्ष में दलीलें दीं। याचिका में मांग की गई है कि, भविष्य की नियुक्तियों के लिए स्वतंत्र कोलीजियम या सलैक्शन कमेटी का गठित की जाए। उन्होंने सी.बी.आई. डायरैक्टर और लोकपाल की नियुक्तियों के उदाहरण दिए, जिसमें विपक्ष के नेता तथा जुडिशिएरी की राय भी शामिल होती है। पी.आई.एल. में दावा किया गया है कि, इलैक्शन कमीशन की वर्तमान नियुक्तियाँ अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) तथा 324 (2) तथा संविधान के मूल लक्षणों का उल्लंघन करती हैं। याचिका में कहा गया है कि, अनुच्छेद 324 (2) में स्पष्ट कहा गया है कि, सी.ई.सी., और ई.सी. की नियुक्तियों के संबंध में न्यायसंगत, स्पष्ट और वाजिब कानून बनाए, लेकिन ऐसा हुआ नहीं है।

गिरगिटों का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। इसमें किसी बात से बिल्कुल ही विपरीत रूख अख्तियार करना शामिल है जो पहले उन्होंने कभी दावे के साथ कही थी। उनके चुनावी अभियान की शुरूआत भी अपेक्षाकृत अनिश्चित थी, जिसमें कई बार अपने शब्दों को वापस लिया गया।

विदेश मंत्री के रूप में उनके प्रदर्शन पर सबसे हानिकारक टिप्पणी उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव ने की थी, जिन्होंने उनके साथ अपनी मुलाकात को ''किसी बहरे के साथ बातचीत'' की संज्ञा दी थी। उन्होंने सुना लेकिन गौर से नहीं सुना। उन्होंने अपनी टिप्पणियों से फ्रांस के राष्ट्रपति जैसे ब्रिटेन के मित्रों को भी अलग-थलग कर दिया था।

प्रधानमंत्री पद प्राप्त करने के लिए हुए चुनावी अभियान में भी अपनी सार्वजकि चर्चाओं में उनकी पूर्व तैयारी स्पष्ट रूप से ऋषि सुनक से कमतर की, जिन्हें कंज़रवेटिव पॉलीटिकल फिगर्स में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था।

जैसा कि टीकाकारों ने व्यापक रूप से बताया, लिज़ ट्रस टी.वी. डिबेट्स या डायलॉग्स के सार्वजनिक परीक्षण के पक्ष में नहीं थीं, लेकिन ब्रिटेन की अधिकांश जनता, बूढ़े लोगें और कम शिक्षित वर्ग ने उन्हें ऋषि सुनक की तुलना में अधिक स्वीकार्य पाया।

ऑक्सफोर्ड में पॉलिटिक्स, फिलोसॉफी एण्ड इकोनामिक्स की डिग्री या पी.पी.ई. के लिए अध्ययरत रहने के दौरान वे एक लिबरल डैमोक्रेट थी।

पी.पी.ई. एक ऐसा कोर्स है जिसका अध्ययन प्राय: ऐसे लोग करते हैं जिनमें अन्य श्रेणी का विद्यार्थी बनने की कोई स्पष्ट इच्छाशक्ति अथवा योग्यता नहीं होती। अपने समय में वे ब्रिटेन के यूरोपीयन यूनियन से बाहर निकलने की कटु आलोचक थी।

वे ब्रिटेन के खुली अर्थव्यवस्था की विचारधारा रखने के खिलाफ हैं। उन्होंने ब्रिटेन के आयातों पर टिप्पणी करके अपनी कैम्पेन शुरू की। उन्होंने कहा- ''हम हमारा दो तिहाई चीज़ आयात'' करते हैं, फिर एक लम्बे विराम के बाद कहा कि यह एक बेइज्जती है। इस प्रकार से वे फ्री ट्रेड के विचार से पूर्णतया सहमत नहीं थी।

एक बार उन्होंने अनुरोध किया था कि ब्रिटेन में योग्यता को आकर्षित करने के लिए अप्रवासन कानून अधिक उदार होने चाहिए, लेकिन अब उन्होंने वादा किया है कि वे ब्रिटेन में इमीग्रेशन कंट्रोल करने के लिए पुराने कानूनों को बदल देंगी।

कंज़रवेटिव पार्टी की पूर्वब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थ्रैचर उनकी रोल मॉडल हैं, बताया जाता है कि वे उन्हीं के जैसे कपड़े पहनती हैं और सार्वजनिक जीवन में उनकी नकल करती हैं।

राजनीतिक गिरगिटों के पास इन दिनों पूर्ण नियंत्रण है, लेकिन लगता है कि ब्रिटेन के राजनेताओं ने अपने पूर्व उपनिवेश के चालाक नेताओं के हाल ही में कोई एक या दो उदाहरण ले लिए हैं।

'मैं किसी का पोता, बेटा, भाई, किसी का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होती नजर नहीं आई।

सादुलशहर के पूर्व विधायक और श्रीगंगानगर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संतोष सहारण तो बधाई देने के लिए सुबह 6:30 बजे ही पायलट निवास पर पहुंच गए।

बात सिर्फ भीड़ ज्यादा होने की नहीं थी, बल्कि इस बार भीड़ में उत्साह बहुत जबरदस्त नजर आया। कोई ढोल की थाप पर नाचता गाता आ रहा था, तो कोई जबरदस्त नारेबाजी कर रहा था। वहीं अलग-अलग नेताओं के समर्थक भी अपने नेता को कंधों पर बिठाकर उस स्थान पर ला रहे थे जहां सचिन पायलट खड़े होकर लोगों की बधाइयां स्वीकार कर रहे थे।

इस दौरान समर्थकों ने सचिन पायलट को उपहार स्वरूप हल, तीर कमान, बाजरे के सिक्के, तलवार, भीमराव अंबेडकर, श्री कृष्ण, देवी माँ तथा हनुमान जी सहित देवी देवताओं की तस्वीरें और मूर्तियां बड़ी संख्या में भेंट कीं।

इस बार पहले से ही ऐसा लग रहा था कि राजनीतिक बदलाव की संभावनाओं के बीच सचिन पायलट के समर्थक बड़ी संख्या में जयपुर आने वाले हैं और यह अनुमान सही भी निकला जब सुबह 8:00 बजे से शुरू हुआ लोगों का कारवां 2:00 बजे तक निरंतर चलता रहा। ऐसा भी नहीं है कि, सिर्फ गुर्जर बाहुल्य क्षेत्रों से लोग आए हों, बल्कि, राजस्थान के दूरदराज, डूंगरपुर, जालौर सांचौर, जोधपुर, नागौर, बाड़मेर, जैसलमेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, और शेखावाटी से भी बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम सचिन पायलट को बधाई देने सिविल लाइन्स पहुंचा।

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट 7 सितंबर को 45 साल के हो जाएंगे। लेकिन 6 सितंबर, यानी जन्मदिन से एक दिन पहले ही सचिन पायलट समर्थकों ने जयपुर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। वहीं, सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने 21 विधायक और कई निगम बोर्ड आयोगों के अध्यक्ष भी पहुंचे।

सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले मंत्री-विधायकों में विजेंद्र ओला, हेमाराम चौधरी, मुरारी मीणा, अमर सिंह जाटव, सुरेश मोदी, हरीश मीणा, राकेश पारीक, पीआर मीणा, रामनिवास गावड़िया, जीआर खटाना, मुकेश भाकर, इंद्राज गुर्जर, दीपेंद्र सिंह शेखावत और वेद प्रकाश सोलंकी सहित गहलोत कैंप के 7 विधायक, इंदिरा मीणा, गंगा देवी, गिर्राज सिंह मलिंगा, प्रशांत बैरवा, वीरेंद्र सिंह चौधरी, ओम प्रकाश हुड़ला और सुरेश टांक प्रमुख हैं। साथ ही विश्वेंद्र सिंह के बेटे अनिरुद्ध सिंह भी बधाई देने पहुंचे।

वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव धीरज गुर्जर और कुलदीप इंदौरा भी सचिन पायलट को बधाई देने जयपुर आए। इनके अलावा बोर्ड निगमों के अध्यक्षों में गोपाल सिंह ईडवा, महेश शर्मा, ब्रजकिशोर शर्मा, अग्रवाल महासभा की चेयरपर्सन शशि गुप्ता, भाजपा सरकार में बोर्ड के चेयरमैन रहे सलावत खां तथा पूर्व मंत्री विधायकों में नसीम अख्तर इंसाफ, महेंद्र मीणा, पूर्व जिला प्रमुख गीता खटाना,राकेश बोयत सहित पीसीसी पदाधिकारियों में प्रशांत सहदेव शर्मा एआईसीसी सदस्य राजेश चौधरी, सुरेश चौधरी, सचिव शोभा सोलंकी,अजमेर के पूर्व महापौर कमल बाकोलिया, जयपुर लोकसभा प्रत्याशी ज्योति खंडेलवाल, श्रीगंगानगर के नेता अशोक चांडक मुख्य रूप से शामिल थे।

स्टालिन कोई कसर नहीं..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चली जाएगी, डी.एम.के. सुप्रीमो ने अपने दीर्घकालिक सहयोगी के प्रति दृढ़ समर्थन व्यक्त किया है। ऐसा करके, स्टालिन तमिलनाडु में भी अपने निजी हितों का संरक्षण कर रहे हैं, जहाँ भाजपा के प्रति मतदाताओं की एक खास किस्म की नापसंदगी दिखाई देती है और इस नापसंदगी का कारण यह है कि द्रविड़ पाटियाँ ''उत्तर भारत की इस हिन्दी पार्टी'' के खिलाफ वर्षों से जबरदस्त दुष्प्रचार करती आ रही हैं।

एक शक्तिशाली क्षेत्रीय राजनैतिक मुखिया की ओर से आ रहे समर्थन के इस प्रबल संदेश से कांग्रेस को भी निश्चित रूप से कुछ राहत मिली होगी क्योंकि टी.एम.सी. तथा आप जैसे कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों की ओर से तो कांग्रेस के लिए अपमानजनक बातें की जा रही हैं। हो-हल्ला ही मिल रहा है। प्रसंगवश बता दें कि स्टालिन ने टी.एम.सी. तथा आप से भी बातचीत की है लेकिन बड़ी सावधानी पूर्वक कांग्रेस की भावनाओं का भी ख्याल रखा है तथा उसके गठबंधन को समर्थन देने का पुन: आश्वासन दिया है।

इसके अलावा, स्टालिन का सार्वजनिक प्रदर्शन अर्थात् उनका कांग्रेस एवं राहुल गांधी के समर्थन से कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर जितनी मदद मिलेगी, उससे कहीं ज्यादा मदद तमिलनाडु में डी.एम.के. को मिलेगी। इसके अलावा, स्टालिन के समर्थन से एक राष्ट्रीय राजनैतिक दल (कांग्रेस) को यह संतोष मिलेगा कि उसका एक ऐसा भी मित्र दल है, जो खुलकर उसके साथ है, जबकि अन्य क्षेत्रीय दल उसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

यहाँ यह याद दिलाना प्रासंगिक होगा कि 2019 के आम चुनावों से पहले, 2018 में ही, यू.पी.ए. के प्रधानमंत्री चेहरे के रूप में राहुल गांधी का नाम सबसे पहले प्रस्तावित करने वाले स्टालिन ही थे।

दरअसल, तमिलनाडु में वे कांग्रेस के प्रति जितनी ज्यादा नजदीकी प्रदर्शित करते हैं, उतनी ही उनकी भाजपा-विरोधी छवि मजबूत होती है तथा राज्य में उन्हें इसका लाभ मिलता है। भाजपा का प्रबल हिन्दी-समर्थक रूख तथा जबरदस्त एवं आक्रामक हिन्दुत्व का रूख ऐसी चीजें हैं जिनका तमिलनाडु में भाजपा को उतना चुनावी लाभ नहीं मिलता, जितना उसे देश के अन्य हिस्सों में मिलता है।

वस्तुत: तमिलनाडु के लोगों की नजर इस चीज पर है कि भाजपा कितनी आक्रामकता के साथ हिन्दुत्व एजेंडा को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है। डी.एम.के. की ओर से, इसके प्रतिकार में, उतना ही बल्कि और भी ज्यादा आक्रामक भाजपा विरोधी रूख सामने आ रहा है। इससे यह बात समझ में आ जाती है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री राजनैतिक रूप से भाजपा-नेतृत्व से क्यों टकराते रहते हैं लेकिन इसके साथ ही वे केन्द्र के साथ काम-काज संबंधी सौहार्दपूर्ण बनाये रखते हैं।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908